जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 122, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 29 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आग से आग नहीं बुझाई जाती, नफरत को प्यार से हराएं...

## देवबंद में 25 राज्यों के 1500 जमीयत मेंबर जुटेः मदनी हुए भावुक, बोले- जुल्म सहेंगे, लेकिन देश पर आंच नहीं आने देंगे



**सहारनपुर/देवबंदः देवबंद** में ईदगाह मैदान में जमीयत उलमा-ए-हिंद के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू हो गया। इसमें देशभर के उलेमा और गवर्निंग बॉडी के सदस्य प्रमुख समस्याओं को लेकर मंथन कर रहे हैं। यहां अधिवेशन की शुरूआत करते हुए मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि आग से आग को नहीं बुझाया जा सकता है। प्यार से नफरत को हराया जा सकता है। इजलास का शुभारंभ जमीयत उलमा-ए-हिंद का झंडा लहरा कर किया गया है। तिलावत-ए-कुरान पाक दारूल उलूम के उस्ताद कारी अब्दुल रउफ ने की और नात-पाक कारी अहसान मोहसिन ने पेश की। जमीयत प्रमुख मौलाना महमूद मदनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम, जमीयत उलमा हिंद पश्चिम बंगाल अध्यक्ष और ममता सरकार में मंत्री मौलाना सिद्दीकउल्ला चौधरी, सांसद मौलाना बदरूद्दीन अजमल और सभी प्रदेशों के अध्यक्षों सहित देशभर के उलमा शामिल हो रहे हैं। इजलास में देश के मौजूदा हालात और ज्ञानवापी मस्जिद समेत देश में विभिन्न धार्मिक स्थलों को लेकर बढ़ रहे विवाद, कॉमन सिविल कोड, मुस्लिम वक्फ एवं मुस्लिमों की शिक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मौलाना महमूद मदनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम ने कहा कि देश एक गुलदस्ते की मानिंद हैं, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोग प्यार-मोहब्बत के साथ रहते हैं। यही एकता और भाईचारा इस मुल्क को हिंदुस्तान बनाता है। जमीयत उलमा-ए-हिंद पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष और ममता सरकार में मंत्री मौलाना सिद्दीकउल्ला चौधरी ने जमीयत के इतिहास और उसके उद्देश्य पर रोशनी डालते हुए कहा कि मुल्क को बचाने में जमीयत ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं। कहा कि जमीयत के साथ मिलकर हिंदुस्तान के संविधान को बचाने का काम करें। जमीयत उलमा-ए-हिंद के दो दिवसीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि हमें मायूस होने की जरूरत नहीं है, देश हमारा है और हमारे बुजुर्गों ने इस देश को आजाद कराने में मुख्य भूमिका निभाई है। देश में नफरत का कारोबार करने वालों की दुकानें ज्यादा दिन चलने वाली नहीं हैं। कहा कि आग से आग को नहीं बुझाया जा सकता है। प्यार से ही नफरत को हराया जा सकता है। कहा कि हमें उकसाया जा रहा है। हमारे ही देश में हमें अजनबी बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेइज्जत होकर खामोश रहना कोई मुसलमान से सीखे। देश में नफरत का बाजार सजाया जा रहा है। ये सब्र का इम्तिहान है। उन्होंने कहा कि सरकारें आने-जाने वाली चीज है, लेकिन देश को जोड़ने वाले और मजबूत करने वाले ही इस देश की ताकत है। ईदगाह के विशाल मैदान में आयोजित सम्मेलन के पहले चरण में अध्यक्षीय भाषण में मौलाना महमूद मदनी ने इशारों इशारों में सरकार और आरएसएस पर हमला बोला। कहा कि एकता और अखंड भारत की बात करने वाले वर्ग विशेष को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें सबसे ज्यादा प्यार इस देश की शांति से है। सभी लोग राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र को मजबूत करने की बात करते हैं लेकिन नफरत के मुद्दे पर खामोश रहते हैं। कहा कि नफरत की दुकान खोलने वाले और नफरत का बाजार सजाने वाले लोग देश के दुश्मन हैं। नफरत का जवाब कभी नफरत नहीं हो सकता, हम नफरत का जवाब मोहब्बत से देने वाले लोग हैं।

## मैंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे देश को नीचा देखना पड़े। मुझमें आपके (गुजरात के) ही संस्कारः मोदी

# 'भारत को गांधी का देश बनाने की कोशिश'





**अहमदाबादः प्रधानमंत्री** मोदी सुबह करीब 10 बजे राजकोट जिले के आटकोट शहर पहुंचे। यहां उन्होंने 50 करोड़ की लागत से बने मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल से हमारी केंद्र में सरकार है। हम पिछले आठ साल से भारत को गांधी का देश बनाने की कोशिश में लगे हैं। यहां के बाद वह पाटीदार समाज के कार्यक्रम में पहुंचे, यहां उन्होंने कहा- मैंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे देश को नीचा देखना पड़े। मुझमें आपके (गुजरात के) ही संस्कार हैं। यहां उनका 'मोदीजी भले पधार्या...' गीत के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार राष्ट्रसेवा के 8 साल पूरे कर रही है। आपको याद होगा कि अब से 8 साल पहले ही आपने मुझे गुजरात से विदा दी थी। मुझे गुजरात से गए हुए 8 साल हो गए, लेकिन आपका प्रेम मेरे लिए बढ़ता ही रहा। आज जब गुजरात की धरती पर आया हूं तो मैं सिर झुकाकर गुजरात के सभी नागरिकों का आदर करना चाहता हूं, क्योंकि आपने ही मुझे संस्कार-शिक्षा दी और मुझे सिखाया कि समाज के लिए कैसा जीना चाहिए? इसी का परिणाम है कि इन 8 सालों में मैंने भी समाज सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। सरदार पटेल की धरती से मुझे मिले संस्कार ही हैं कि इन 8 सालों में मैंने आज तक ऐसा कुछ नहीं होने दिया कि आपको या देश के किसी नागरिक को अपना सिर झुकाना पड़े।

**'भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी'**

**पीएम** ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हमने देश के विकास को गति दी। बापू एक ऐसा भारत चाहते थे जो हर गरीब, वंचित, पीड़ित हमारे आदिवासी भाई-बहन, हमारी माता-बहनों को सशक्त करे। जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जीवन पद्धति का अंग बने। हमारी सरकार सुविधाओं को शत-प्रतिशत नागरिकों तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। जब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है, भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं होती।

**हमारी सरकार ने 6 करोड़ परिवारों को नल से जल दियाः** उन्होंने आगे कहा- हमारी सरकार ने 6 करोड़ परिवारों को नल से जल दिया है। गरीबों की गरिमा सुनिश्चित की गई है। 3 करोड़ से ज्यादा गरीबों को घर दिए गए हैं। किसानों के खाते में सीधे पैसा जमा किए गए हैं।

### केंद्र सरकार का शिक्षा पर जोरः मोदी

**पीएम** ने कहा कि अस्पताल के दानदाताओं को बधाई, उनकी माताओं का अभिनंदन कि उन्होंने ऐसे पुत्रों को जन्म दिया। इतनी भीषण गर्मी में भी बहनों ने सिर पर कलश रखकर मेरा स्वागत किया। इसके लिए मैं आप सभी बहनों का दिल से आभार मानता हूं। पीएम ने आगे कहा कि आपने आज पढ़ाई के नियम भी बदल दिए हैं, क्योंकि अब मातृभाषा में पढ़कर भी डॉक्टर या इंजीनियर बना जा सकता है। मेडिकल में 1100 सीटें हुआ करती थीं, अब 8000 हैं। पहले केवल अंग्रेजी माध्यम में डॉक्टर बन सकते थे, लेकिन अब अपनी मातृभाषा में पढ़कर डॉक्टर बन सकते हैं। इसी के चलते सरदार पटेल का नाम आज पूरी दुनिया में गूंज रहा है।

# वर्शिप एक्ट के खिलाफ देवकीनंदन ने खोला मोर्चा



**मथुराः वाराणसी में** ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद मामले के बीच अब प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 पर पूरे देश में चर्चा हो रही है। इस एक्ट को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग लोगों ने याचिका दाखिल की है। शनिवार को मथुरा के प्रख्यात भगवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में इस एक्ट के खिलाफ अर्जी दाखिल की। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, 'ये कानून लोगों को धार्मिक अधिकार से वंचित करता है। इसीलिए इस कानून में बदलाव होना चाहिए, या इसे खत्म किया जाना चाहिए।'

**पूजा करने का मिले अधिकारः** देवकी नंदन ने कहा कि सनातन अनुयायियों को पूजा करने का अधिकार मिलना चाहिए। अगर किसी ने हमारे साथ क्रूरता की है, तो हम कोर्ट का दरवाजा खटखटा कर अर्जी और याचिका दाखिल कर सकते हैं।

## कैप्टन सीएम मान को सौंपेंगे भ्रष्ट पूर्व मंत्रियों की सूची

**चंडीगढ़ः** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह जल्द ही मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात करेंगे और उन्हें भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मंत्रियों और विधायकों की सूची सौंपेंगे। कैप्टन के इस दांव से कांग्रेसी नेताओं में खलबली मच गई है। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी ही कैबिनेट के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विजय सिंगला को भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त किया था। इसके बाद विधायक और पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को चुनौती दी थी।

# बिहार सरकार कराएगी देश के सबसे बड़े सोने के भंडार की खोज



**पटनाः गरीब** राज्य कहे जाने वाले बिहार में भारत का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार है। यहां न जाने कितनी शताब्दियों से देश का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार छिपा हुआ है। इस खदान में इतना सोना है, जितना देश में कहीं और नहीं है। अब बिहार सरकार ने जमुई जिले में देश के सबसे बड़े स्वर्ण भंडार की खोज की अनुमति देने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**बिहार में मौजूद है सोने का सबसे बड़ा भंडारः** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के सर्वेक्षण के अनुसार, जमुई जिले में 37.6 टन खनिज युक्त अयस्क सहित लगभग 222.88 मिलियन टन सोने का भंडार मौजूद है। लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान इस बात का खुलासा किया गया था कि बिहार में अकेले पूरे देश का 44 प्रतिशत सोना है। अतिरिक्त मुख्य सचिव सह खान आयुक्त हरजोत कौर बम्हरा ने बताया कि राज्य का खान और भूविज्ञान विभाग जमुई में सोने के भंडार की खोज के लिए जीएसआई और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) सहित खोज में लगी एजेंसियों के साथ परामर्श कर रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव सह खान आयुक्त हरजोत कौर बम्हरा ने आगे बताया कि जीएसआई के निष्कर्षों का विश्लेषण करने के बाद परामर्श प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें जमुई जिले के करमाटिया, झाझा और सोनो जैसे इलाकों में सोना होने का संकेत मिला था।

## रासः पंजाब में पद्मश्री संत सीचेवाल और विक्रमजीत साहनी होंगे आप उम्मीदवार

**चंडीगढ़ः** आम आदमी पार्टी ने दो पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित शख्सियतों को राज्यसभा (रास) सदस्य के तौर पर नामित किया है। इनमें वातावरण प्रेमी पद्मश्री संत बलबीर सिंह सींचेवाल और पंजाबी कल्चर से संबंधित पद्मश्री विक्रमजीत सिंह साहनी का नाम शामिल है। सीएम भगवंत मान ने इसकी घोषणा की। शुक्रवार को सीएम भगवंत मान ने शाहकोट के गांव सीचेवाल में संत बलबीर सिंह सीचेवाल से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने संत सीचेवाल के कामों की जमकर तारीफ की थी। इसके बाद से ही संत सीचेवाल के नाम पर मुहर लगने की चर्चाएं शुरू हो गई थी।

**पर्यावरण के रखवाले माने जाते हैं संत सीचेवालः** पंजाब में वर्ष 2000 में कार सेवा शुरू करके संत सीचेवाल ने गुरु नानक देव जी से जुड़ी ऐतिहासिक नदी काली बेई का कायाकल्प करने में विशेष भूमिका निभाई थी। उनके प्रयास से ही औद्योगिक व मानवीय प्रदूषण से जाम 160 किलोमीटर लंबी काली बेई साफ हो पाई थी।

## टमाटर हुआ लालः टमाटर खरीदने से कतरा रहे लोग

# आम आदमी के लिए 'आम' बना खास




**नई दिल्लीः** आम को फलों का राजा ऐसे ही नहीं कहा जाता, वर्तमान हालात को देखें तो आम आदमी के लिए यह फल अब खास बन गया है। गर्मी में लोग आम का लुत्फ उठाने का इंतजार करते हैं। ताजा हाल की बात करें तो आम के दाम इस तेजी से बढ़े हैं कि ये आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। इसके अलावा टमाटर भी सुर्ख लाल आंखें दिखा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जहां सब्जी मार्केट में टमाटर का दाम 120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, आम का दाम 100 रुपये के पार चला गया है।

**गर्मी और लू का बुरा असरः** गर्मी और लू के थपेड़ों ने सब्जियों में खासकर टमाटर और फलों के राजा आम की कीमतें इतनी बढ़ा दी हैं कि ये सब्जी और फल आम आदमी की पहुंच से दूर हो गए हैं। टमाटर की जरूरत हर घर के किचेन में होती है और आम तो फलों का राजा है, जिसे हर कोई पसंद करता है। इस साल महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को टमाटर की लाली और मीठे आम की खुशबू और स्वाद ने खुद से दूर रहने को मजबूर कर दिया है। रिपोर्ट में यह भी संभावना जताई गई है कि इस साल आम के दाम में कमी आने की संभावना नहीं है।

**यूपी में 80% पैदावार प्रभावितः** रिपोर्ट में बताया गया है गर्मी का आम के उत्पादन पर बुरा असर हुआ है। हालात ये हैं कि देश में आम के सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी पैदावार प्रभावित हुई है।

## सरकार का आदेशः शाम 7 से सुबह 6 बजे तक महिलाओं से ड्यूटी नहीं करा सकते

# यूपी में महिलाओं की नाइट शिफ्ट खत्म



**लखनऊः यूपी** में महिलाओं के लिए अहम खबर है। अब शाम 7 से सुबह 6 बजे तक उनसे ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती है। यह नियम सरकारी और प्राइवेट सेक्टर दोनों पर लागू होगा। योगी सरकार ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार ने यह भी कहा है कि अगर किन्हीं कारणों से किसी महिला कर्मचारी की ड्यूटी शाम 7 से सुबह 6 के बीच में लगानी है तो इसके लिए उसकी लिखित अनुमति लेनी पड़ेगी। यानी, बिना महिला की परमिशन के रात के वक्त में उसकी ड्यूटी लगाई तो सीधे कार्रवाई होगी। अगर कोई महिला शाम 7 बजे के बाद काम करने से मना करती है, तो कंपनी या संस्था उसको नौकरी से नहीं निकाल सकती है।

**नियम नहीं माना तो जुर्माना से जेल तकः** अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चन्द्रा ने कहा, "लिखित सहमति के बाद महिला शाम 7 से सुबह 6 बजे के बीच काम कर सकती हैं। उस दौरान कंपनी या संस्था को घर से ऑफिस और ऑफिस से घर तक के लिए फ्री कैब फैसिलिटी देनी होगी। अगर कोई कंपनी ऐसा नहीं करती है तो इसे श्रम कानून का उल्लंघन माना जाएगा। इसमें जुर्माना से लेकर जेल तक हो सकती है।" चंद्रा ने आगे कहा, "इस आदेश को सभी जिलों में सख्ती से लागू करने के आदेश दिए गए हैं। सबसे ज्यादा महिलाएं कॉल सेंटर, होटल इंडस्ट्री और रेस्त्रां में शाम 7 बजे के बाद काम करती हैं। कॉल सेंटर और होटल इंडस्ट्री में जहां पूरी रात काम होता है। रेस्त्रां भी रात 11 बजे तक खुले रहते हैं।

# डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

## कहा- दिव्यांग बच्चे को फ्लाइट में चढ़ने से रोककर एयरलाइन ने खराब किया माहौल




**रांचीः** रांची एयरपोर्ट पर दिव्यांग बच्चे को फ्लाइट में न चढ़ने देने के मामले में विमानन महानिदेशक डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइन कंपनी पर पांच लाख का जुमार्ना लगाया है। डीजीसीए ने कहा कि इंडिगो के ग्राउंड स्टाफ ने दिव्यांग बच्चे के साथ जैसा बर्ताव किया, वह ठीक नहीं था और इससे स्थितियां भड़क उठीं। डीजीसीए ने एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया और घटना पर नाराजगी जाहिर की।

**डीजीसीए ने दिए थे जांच के आदेशः** इससे पहले इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों ने सात मई को एक दिव्यांग बच्चे को रांची हवाईअड्डे पर विमान में चढ़ने से रोक दिया था। इंडिगो ने इसका कारण बताया था कि बच्चा विमान में यात्रा करने से घबरा रहा था।

इस घटना के सामने आने के बाद जहां विमानन नियामक डीजीसीए ने मामले में जांच करने के निर्देश दिए थे।

खबर संक्षेप



## श्री राम कथा में साध्वी अन्नपूर्णा माता ने केवट प्रसंग का वर्णन किया

**जंघई।** असवां गांव में बाबा मिश्रा के निवास पर पौत्र रत्न शिवांश कबिसा की प्राप्ति पर आयोजित श्री राम कथा में साध्वी अन्नपूर्णा माता ने शनिवार को केवट प्रसंग का वर्णन किया। केवट के भक्तिमय भावों के विषय में बताया कि केवट का श्री राम के चरणों में अथाह प्रेम है जिसके वशीभूत होकर प्रभु उसके नौका में बैठने गंगा तट पर आए। उन्होंने आगे बताया कि प्रभु ने स्वयं नौका में बैठने से पहले श्री जानकी जी को बिठाया। यह घटना भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा वैदिक काल से ही हमारे ऋषियों ने नारी की महिमा गाते नारी को पूजनीय कहा , सम्मानीय बताया। नारी को नारायणी की संज्ञा दी, परन्तु आज यदि भारत भूमि पर देखें तो नारी हर क्षेत्र में सम्मानित व हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इसके साथ-साथ नारी के साथ अपराध की प्रवृति दिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है । उसे मात्र भोग की वस्तु समझा जा रहा है । नारी की ऐसी दशा का कारण उसकी अज्ञानता है । इसलिए उसे भीतर से जागरूक होने की जरूरत है और यह जागरूकता नारी में तभी सम्भव है जब वह धर्म से जुड़ जाएगी। धर्म का भाव ईश्वर से जुड़ जाना है।इस अवसर पर विजय शंकर मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, डॉ अशोक कुमार मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, डॉ शैलेन्द्र मिश्र, गिरिजा शंकर मिश्र, विनय मिश्र, रतन मिश्र, सुरेश पांडेय, कपिल देव तिवारी, संदीप मिश्र, प्रदीप, राघवेन्द्र, वीरेंद्र, आशुतोष, अमित, अभिषेक, अनुराग, शिवेंद्र, सुमित, डॉ गौरव, अंशुमान, प्रांजल, प्रत्युष, प्रखर, यश, अभ्युदय, शिवाय, प्रज्ञान, आरव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस : डीएम व एसएसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

**झूंसी, सरायइनायत एवं उतरांव थाने में समाधान दिवस पर लगी भीड़, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु तत्काल राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर मौके पर किया रवाना, वरासत सम्बंधी मामलों में लापरवाही बरतने पर दो लेखपालों को दी कड़ी चेतावनी**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर थाना झूंसी, सरायइनायत एवं उतरांव पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना तथा सम्बंधित राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर निस्तारण के लिए भेजा। उन्होंने राजस्व विभाग तथा पुलिस टीम को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन आ रहे है, उसका 3 दिनों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनता की शिकायतों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम झूंसी थाने पहुंचे, वहां पर राजस्व से सम्बंधित अवैध अतिक्रमण तथा एक ही जमीन पर दो लोगो को अलग-अलग रजिस्ट्री का प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को सम्बंधित मामलें की जांच कर आख्या देने के निर्देश दिये है। झूंसी में वरासत न चढ़ाने के कारण लेखपाल राधेश्याम को कड़ी चेतावनी दी गयी तथा तत्काल वरासत को चढ़ाने के निर्देश भी दिये। इसी क्रम में वरईपुर के लेखपाल को भी वरासत न चढ़ाने की शिकायत पर कड़ी चेतावनी दी गयी है तथा निर्देशित किया कि वरासत के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने सरॉयइनायत थाने पर आयी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया।

तत्क्रम में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उतरांव थाने पहुंचे, वहां पर भूमिधरी पर अवैध कब्जा तथा सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हुई, जिसपर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आवेदनों को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल वहां पर भी शिकायतों के निस्तारण करने के लिए नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों एवं पुलिस टीम बनाकर मौके पर निस्तारण हेतु रवाना किया तथा जो भी आवेदन प्राप्त हो, उसका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।



समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



समाधान दिवस पर झूंसी थाने पर फरियाद सुनते डीएम एसएसपी

## समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

झूंसी। सरायइनायत व झूंसी थाने पर चल रहे समाधान दिवस पर डीएम और एसएसपी पहुँच कर लोगो की समस्या सुनी और समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्वकर्मियों के साथ मिल कर पुलिस को जल्द से जल्द समस्या के निस्तारण का निस्तारण का निर्देश दिया साथ ही वरासत सम्बंधी मामलों में लापरवाही बरतने पर दो लेखपालों को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता की शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी संजय खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार झूंसी थाने पहुंचे वहां पर राजस्व से सम्बंधित अवैध अतिक्रमण, एक ही जमीन पर दो लोगो को अलग-अलग रजिस्ट्री के साथ मो. असलम ने पूरे सूरदास में कब्रिस्तान की जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अबैध कब्जे का मामला रखा। प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को सम्बंधित मामलें की जांच कर आख्या देने के निर्देश दिये है। झूंसी में वरासत न चढ़ाने के कारण लेखपाल राधेश्याम को कड़ी चेतावनी दी गयी तथा तत्काल वरासत को चढ़ाने के निर्देश भी दिये। इसी क्रम में वरईपुर के लेखपाल को भी वरासत न चढ़ाने की शिकायत पर कड़ी चेतावनी दी तथा निर्देशित किया कि वरासत के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने सरॉयइनायत थाने पर आयी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया।

## चिकित्सालय का दरवाजा तोड कर लाखों के सामानों की चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम हरखपुर में स्थित सीएचसी का दरवाजा तोड कर चोरों ने इन्वाटर बैटरी, कुर्सियां, मेज, बेड, पंखा, गददा सहित अनेकों सामानों सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए। चिकित्सा प्रभारी ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम हरखपुर स्थित सीएचसी प्रभारी डाक्टर डी डी सी यादव ने मऊआइमा थाने में यह रिपोर्ट में दर्ज कराई है कि चोरों ने अस्पताल की बाउंड्री फांद कर अस्पताल का दरवाजा तोड कर अस्पताल में रखा इन्वाटर बैटरी, कुर्सियां मेज , पंखा ,टेबल ,फैन ,टायल सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए।पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा लिख कर हकीकत पता लगाने में जुटी हुई है ।

## जहरीली घांस चरने से बजती की तीन भैंस की मृत्यु

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत बजती गांव की पांच भैंस पड़ोसी गांव कटेहरी चरने गई थी जिसमें अमृतलाल यादव की एक भैंस, विजय बहादुर यादव की दो भैंस की कटेहरी गांव में जहरीले हरे चारे के खाने से मौत हो गई।दोनों सगे भाईयों की भैंस की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बाकी पड़ोसियों की दो भैंसों की हालत चिंताजनक स्थिति में है इलाज जारी है।

# शंकरगढ़ पुलिस की नबला, खरवार गैंग से मुठभेड़

**सरगना सहित नौ दुर्दांत डकैतों को किया गिरफ्तार**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस इन दिनों फुल फार्म में चल रही है। हाल के दिनों में पुलिस ने कई बड़े गैंग का खुलासा किया। इसमें जैकी गैंग, लंबू गैंग समेत नबला खरवार गैंग का भी नाम शामिल है। सामूहिक हत्याकांड, डकैती और दुष्कर्म जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले इंटर स्टेट खरवार गैंग के साथ पुलिस की बीती रात चौथी मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस टीम ने गैंग के सरगना समेत कुल नौ दुर्दांत डकैतों को गिरफ्तार किया है। खरवार गैंग से इसके पहले गंगापार के सोरांव एरिया में 25 मई और उसके पहले 18 मई की रात मुठभेड़ हुई थी।

पुलिस के मुताबिक बीती रात बिहार का कुख्यात नबला खरवार गैंग किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। सूचना मिलने पर पुलिस ने यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में घेराबंदी की और सरेंडर के लिए कहा, लेकिन डकैतों के गिरोह ने पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। पहले से मुस्तैद प्रयागराज पुलिस की टीम ने तगड़ी घेराबंदी के चलते गैंग के नौ डकैतों को गिरफ्त में ले लिया। इसमें नबला खरवार गैंग का सरगना भी शामिल है। बताते चलें कि नबला खरवार अंतरराज्यीय गैंग मूलतः बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और भोजपुर ज़िलों से ताल्लुक रखता है। पिछले पांच-छह सालों से नबला गैंग उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर के चुनार और प्रयागराज के गंगापार एरिया में घटनाओं को अंजाम देने लगा था। इसके बाद यह गैंग प्रतापगढ़ के रानीगंज, लालगंज होते हुए रायबरेली और बाराबंकी ज़िलों तक अपने पाँव पसारता जा रहा था। प्रयागराज पुलिस के मुताबिक इसी नबला गैंग का एक सहयोगी गुट 2-3 दिन पहले रायबरेली में पकड़ा गया है। बीती रात भी यह गैंग अप्रिय वारदात की तैयारी में था। इनके कब्जे से सब्बल, हथौड़ा और असलहा -कारतूस बरामद हुआ है। यह गैंग डकैती, लूट की वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी करता है। इसके सभी सदस्यों के अलग-अलग काम होते हैं। डकैती जैसी संगीन वारदात को अंजाम देने के दौरान यह गैंग हत्या, सामूहिक बलात्कार और आगजनी जैसी वीभत्स घटनाओं से भी गुरेज नहीं करता। फिलहाल धरे गए सरगना व अन्य सदस्यों से पूछताछ जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में दुर्दांत डकैत

**गिरफ्त में आए खरवार गैंग के डकैत :** देवा खरवार उर्फ संगीत पुत्र सावधान खरवार, नसीब खरवार पुत्र जीतलाल खरवार, श्रीकांत खरवार उर्फ बरारी पुत्र सावधान खरवार,जीतू खरवार पुत्र सावधान खरवार, सीबू खरवार पुत्र ज्ञानदेव खरवार, सीपी खरवार पुत्र रामव्रत खरवार और लाखा उर्फ रविश पुत्र रामव्रत खरवार (सभी निवासीगण गजबोर बीघा, बारुन, औरंगाबाद, बिहार), कनुआ खरवार उर्फ बगइचा पुत्र बेगरू खरवार (निवासी मानसागर, खनिया टोला, चरपोखरी, आरा, बिहार)। इसके अलावा एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया है।

**फोन नहीं इस्तेमाल करता यह गैंग :** थानाध्क्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि छानबीन में पता चला कि खरवार गैंग के सदस्य फोन का इस्तेमालन नहीं करते हैं। पूछताछ में पता चला कि इस गैंग के सदस्य मिजार्पुर चुनार होते हुए शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरे थे और रेकी की थी। गैंग मुखिया देवा खरवार उर्फ संगीत, नसीब और नसीब खरवार का नाबालिग बेटा रेकी में काफी मदद करता है। बीती रात इन लोगों ने टंडन वन में डेरा डाल रखा था और बगल के गांव में एक मकान को घटने केलिए चुना था। डकैती के लिए यह लोग जंगल में बैठकर योजना बना रहे थे, इसी दौरान पुलिस मुठभेड़ हो गई।

**शंकरगढ़ थाने में पहले से दर्ज है केस :** खरवार गैंग के पास से दो तमंचा, कारतूस, सब्बल, रॉड, पेचकस, प्लास और हथौड़ा आदि बरामद किया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धरे गए सभी लोगों के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में पहले से एफआईआर दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार उप निरीक्षक विवेक कुमार, उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल संतोष त्रिपाठी, राजेश कुमार यादव, जीतेंद्र ओझा, दीप कुमार, रामबाबू, रामजीत यादव और राकेश यादव शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का हुवा शुभारंभ



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र नगरपंचायत सिरसा बाजार में आज दिनांक 28 मई 2022 को लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान (19/05/22 से 31/05/22) के अंतर्गत संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद विश्वकर्मा के निदेर्शानुसार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ महेंद्र कुमार जायसवाल की उपस्थित में रैली का आयोजन किया गया। अभियान में जागरूक करते हुए बताया गया चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा व शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलने ,जेब्रा क्रासिंग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देने,सड़को पर लगे यातायात संबंधी निदेशी का पालन करने,दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाने वाहन तेज गति से न चलाने के लिए जागरूक किया गया।सड़को किरोवर रेंजर के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राओ ने भी प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विनीता गुप्ता ने किया एवं राजीव रत्न श्रीवास्तव, श्री मती अंजली कुमारी तथा महाविद्यालय के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

### फूलचंद्र का निधन,प्रयाग की अपूरणीय छति



**करछना।** प्रयाग में अपने अनूठे व्यक्तित्व और कृतित्व के चलते फूलचंद्र दुबे हर तपके के लोगों में लोकप्रिय बने रहे।बीपीसीएल में कई वर्षो तक यूनियन के अध्यक्ष के अलावा रामलीला महासंघ के अध्यक्ष, साहित्य, लोककला, अध्यात्म, कविमंच और सामाजिक समरसता से जुड़कर सदैव रचनात्मक कार्यो में लगे रहे।प्रयाग की धरोहर के रूप में उनका कोई सानी नही। शनिवार को उनका निधन होने से प्रयाग की अपूरणीय छति हुई है जिसकी भरपाई संभव नही है।यह बातें समाजसेवी फूलचंद्र दुबे के निधन पर लोक मंगल संस्थान रामपुर में आयोजित शोकसभा के दौरान हास्य कवि अशोक बेशरम ने कही।गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अपनी मृदुभाषा और सादगी के साथ-साथ उन्होनें कवियों साहित्यकारों और लोककलाकारों को मंचों से जोड़ा। इसके अलावा भी क्षेत्र में आध्यात्मिक आयोजनों और श्रमिकों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे।शोकसभा में मौजूद लोगों ने अतीत की स्मृतियों से जुड़कर उनके स्वभाव मिलनसारिता और कृतित्व की प्रशंसा की।लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।इस मौके पर राम लोचन सांवरियां,डा0 त्रिलोकी सिंह,फतेह बहादुर रिषिराज,जितेन्द्र जलज,संतोष शुक्ल समर्थ, श्यामलाल बेगाना, बचऊलाल रामबाबू यादव, बृजेश तिवारी, सुशील हर्ष, सबरेज अहमद, मोहिनी श्रीवास्तव, रत्नाकर तनहा, विपिन परिहार समेत कई कवि, कलाकार एवं साहित्यकार मौजूद रहे।

# मई माह में जीआरपी प्रयागराज ने बरामद किए 50 से अधिक मोबाइल

आलोक गुप्ता

**प्रयागराज।** ट्रेन, रेलवे स्टेशनों पर चुराए जाने वाले मोबाइल की बरामदगी के लिए तत्पर जीआरपी प्रयागराज ने मई महीने में 50 से अधिक मोबाइल बरामद किए हैं। इसमें ज्यादातर फोन एप्पल, वन प्लस व सैमसंग जैसी कंपनियों के हैं। मोबाइल की बरामदगी होने के बाद जीआरपी के द्वारा मोबाइल धारक को उनका मोबाइल दिया जा रहा है। जीआरपी प्रयागराज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि उनकी टीम के द्वारा निरंतर ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मई महीने के दौरान आठ शातिर चोर पकड़े गए, जिनके कब्जे से चुराए गए कई मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। जीआरपी के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि मई महीने में अब तक 50 से अधिक मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं। बरामदगी के उपरांत वास्तविक मोबाइल धारकों का पता लगाकर उन्हे मोबाइल सुपुर्द किया जा रहा है।शनिवार को जीआरपी प्रयागराज ने कपिल केसरवानी को उनका मोबाइस सौंपा। कपिल ने बताया कि यात्रा के दौरान उनका दो मोबाइल गुम हो गया था। अपना मोबाइल हाथ में आने पर कपिल केसरवानी ने जीआरपी प्रयागराज का आभार जताया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक एके शुक्ल ने बताया कि मोबाइल खोने, चोरी जाने की मिलने वाली शिकायतों को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। इसमें सर्विलांस टीम के सदस्य अंशू कुमार राय, मनोहर आदि पूरी मेहनत के साथ काम कर रहे हैं।




## पति ने पत्नी के साथ जबरियन बनाया अप्राकृतिक सम्बंध, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला ने अपने पति पर जबरियन मार पीट कर आप्राकृतिक सम्बंध बनाने का आरोप लगाते हुए पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज पीडिता को डाक्टरी चेकअप के लिए भेज दी है । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसका पति उसके साथ मार पीट कर जबरियन आप्राकृतिक सम्बंध बनाया । विरोध करने पर मारा पीटा । पत्नी शनिवार को मऊआइमा थाने आयी पुलिस को आप बीती बताई। पुलिस पीडिता महिला की तहरीर पर उसके पति कमलेश कुमार पटेल पुत्र जगदेव पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीडिता को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया है। तथा फरार आरोपी पति की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## सच्चे हृदय से की गई जपतप मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है



**सहसों।** सांसारिक भवसागर के इस जीवन में भगवान की भक्ति सच्चे हृदय व निर्मल मन से करने से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य देवव्रत जी महाराज ने कही। जगत में जीव के अच्छे कर्म, अच्छे व्यवहार एवं प्रभु भक्ति साधना के लिए पृथ्वी पर जन्म लेता है। परंतु यहां आकर जीव सांसारिक बंधन में फंसकर सब भूल जाता है। उन्होंने कहा ईश्वर आराधना से ही मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं तथा कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने भक्त प्रहलाद तथा जड़ भरत की कथा का रसपान कराते हुए कहा भक्त प्रहलाद सहृदय प्रभु को याद किया तो खंभे में प्रकट होकर उनकी रक्षा की तथा नरसिंह का रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का उद्धार किया। भगवान नाम की महिमा अपरम्पार है। सभी को शुद्ध मन, चित्त से सदैव मनन करना चाहिए। संसार में सद्गति तथा सुख समृद्धि के साथ शांति की प्राप्ति के लिए सदैव भगवत भजन करना चाहिए। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी व गायत्री तिवारी ने व्यासपीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। कथा श्रवण करने वालों में शोभा लाल तिवारी, जितेन्द्र कुमार तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, पूर्व मंत्री राकेश धर तिवारी, वेद मणि तिवारी, धरणी धर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, पूर्व प्रधान आनंद मिश्रा, लक्ष्मी कांत उपाध्याय, जीत लाल तिवारी, विजय कुमार तिवारी एडवोकेट, मुकेश तिवारी, योगेश तिवारी, शंभू नाथ तिवारी चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, पंकज शुक्ला, प्रमोद कुमार मिश्रा, रविन्द्र शास्त्री, प्रमोद कुमार त्रिपाठी आजाद, अजीत पांडे सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।

# विश्व महवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं और किशोरियों को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगरके अंतर्गत उपकेंद्र समोगरा पर 28 मई को माहवारी स्वच्छता जागरूप दिवस मनाया गया। महिलाओं और किशोरियों को महवारी के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनको इस तरह की दिक्कतें पर जागरूप करने के लिए हर वर्ष 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता हैं। आर के एस के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार द्वारा महावारी के विषय में उपस्थित सभी किशोरियों को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं सेनेटरी नैपकिन प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही उसके निस्तारण की विधि भी बताई गई और एनीमिया से बचने के लिए आयरन और हरी साग सब्जियों और फलों के सेवन के लिए प्रोत्साहित किया गया। किशोरियों को सेनेटरी पैड नैपकिन निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम अधीक्षक डॉ नीरज पटेल के कुशल दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ और कार्यक्रम में वहां की समस्त आगनबाडी समस्त आशा एवं आशा संगिनी का एवं सीएचओ रिया मिश्रा, विद्या विश्वकर्मा का सहयोग मिला।






# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा तो कब्रिस्तान की भूमि पर यूके लिप्ट्स लगा की जा रही खेती

**पैमाइस के बाद भी दबंग नहीं छोड़ रहे कब्जा**

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** तालाब सहित सरकारी भूमि और ग्राम सभा की भूमि को जहाँ सरकार खाली कराने के लिए स्थानीय प्रशासन को कड़े निर्देश जारी कर रखा है तो वहीं दबंगो द्वारा तालाब व कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे की शिकायत के बाद हुई पैमाइस के बाद भी दबंग जमीन को खाली नहीं कर रहे है । जिससे ग्रामीणों को तालाब व कब्रिस्तान से जुडा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

बताते चले कि तहसील करछना व थाना घूरपुर के चिल्ली ग्राम सभा में गाटा संख्या 319रकबा 1.3645 हेक्टेयर लगभग साढ़े सात बीघा और गाटा संख्या 100 ख रकबा 0.0910 हेक्टेयर लगभग 14 विस्वा है । उपरोक्त तालाबो की जमीन पर अस्थाई और स्थाई रूप से गांव के दबंग व्यक्तियों का कब्जा है । जिसकी शिकायत गांव के एक व्यक्ति ने आधा दर्जन बार तहसील करछना में शिकायत की थी । विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत की गई तो विगत शनिवार के दिन एसडीएम करछना ने राजस्व टीम बनाकर पैमाइस का निर्देश दिया । जिस पर मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने पैमाइस की तो उक्त तालाब की मात्र लगभग दो बीघे ही मौके पर मिली । बाकी के तालाब की भूमि पर दबंगो द्वारा अस्थाई व स्थाई निर्माण कराया गया मिला । जिसमे मवेशियों का ठिकाना और आवासीय निर्माण पाए गए । इसी तरह कब्रिस्तान की भूमि गाटा संख्या 321 पर यूके लिप्ट्स व खेती होती दिखाई दिया । राजस्व टीम ने उक्त तालाब व कब्रिस्तान की भूमि को चिन्हित कर खाली करने का निर्देश देकर चली गई । लेकिन पैमाइस के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उपरोक्त तालाब व कब्रिस्तान की भूमि पर से दबंगो ने आज तक कब्जा नही हटाया । इस बाबत जब ग्राम प्रधान चिल्ली राजेश कुमार पटेल से बात की गयी तो उन्होने बताया कि तालाब व कब्रिस्तान खाली होना चाहिए जिससे ग्रामीणों को जुडा लाभ मिल सके तथा जल संरक्षण हो सके।



तालाब पर कब्जा किए ग्रामीण एंव कब्रिस्तान पर लगा यूकेलिप्टस सहित खेती।



तालाब पर कब्जा किए ग्रामीण एंव कब्रिस्तान पर लगा यूकेलिप्टस सहित खेती।

**बोले जिम्मेदार....**

पैमाइस कराकर चिन्हीकरण राजस्व टीम द्वारा कराया गया है ,रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अमृता सिंह**
**एसडीएम करछना।**

## खबर संक्षेप



### एमएलसी रामचंद्र शर्मा के आगमन को पहल परिवार की बैठक संपन्न

**मेजा रोड।** उन्नाव विधान परिषद क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा के एमएलसी व पूर्व मंत्री रामचंद्र सिंह प्रधान के प्रयागराज आगमन को लेकर रविवार को मेजारोड बाजार के श्यामकली इंटर कॉलेज में पहल परिवार (नाई समाज) के सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान के आगमन को लेकर चर्चा की गई। बता दें कि 4 जून को एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान का प्रयागराज के विज्ञान परिषद (चंदशेखर आजाद पार्क के सामने) आगमन है। उन्हीं के आगमन व स्वागत को लेकर पहल परिवार ने मेजारोड बाजार के श्यामकली इंटर कालेज में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की। बैठक में भुवनेश्वर प्रसाद शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा, आनंद शर्मा, अजय कुमार, नीरज शर्मा, जेपी शर्मा, सिंगर संजय शर्मा, तारकेश्वर नाथ, विमलेश कुमार, आकाश, रोहित नंदवंशी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने जताया शोक

**झूंसी।** समाज सेवी फूलचन्द्र द्विवेदी के निधन पर टीकर माफी आश्रम के महंत स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फूलचन्द्र बड़े ही साहसी, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व समाज सेवी थे। उनका अधिक समय सन्तो के बीच बीता मेले में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमो में मंच संचालन वही करते थे। गंगा प्रदूषण पर होने वाले सम्मेलन व आंदोलन में वह सदा हमारे साथ साथ रहे। इस अवसर पर हर्ष ब्रह्मचारी महाराज, अवधेश कुमार, डब्बू सहित आश्रम के संत जन उपस्थित रहे।

# फाफामऊ में दिन दहाड़े स्कार्पियो घेरकर बरसाई गोलियां एक की मौत दो की हालत नाजुक, गांव में पुलिस तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ प्रयागराज।** शहर से सटे फाफामऊ थाना क्षेत्र का रुदापुर गांव शनिवार दोपहर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। फायरिंग से अफरातफरी मच गई। जमीन के विवाद में वारदात अंजाम दी गई। ईट भट्ठा से स्कार्पियो कार में घर जा रहे तीन युवकों को रास्ते में घेरकर ताबड़तोड़ गोली मारी गई। कार सवार तीन लोगों को गोली लगी। गांव वाले उधर दौड़े तो फायरिंग करने वाले हमलावर बाइक पर भाग गए। घायलों को कार से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां एक मुदस्सिर की मौत हो गई। खबर पाकर एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। अभी हमलावरों को पकड़ा नहीं जा सका है। गोली लगने से घायल तीन लोगों को इलाज के लिए तेज बहादुर सप्रू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बशीर अहमद तथा मुदस्सिर पुत्र अतीक अहमद निवासी रुदापुर और आकिब पुत्र पप्पू निवासी असरौली गांव थाना पुरामुफ्ती के रहने वाले हैं। घटना के बाद गांव में कई थानों की पुलिस पहुंच गई। वही पुलिस की शुरूआती छानबीन में जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार गद्दोपुर में 10 बिस्वा भूमि के विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के पीछे जैद जावेद और अन्य कई अन्य का नाम सामने आ रहा है। इन लोगों से एक महीने पहले भी दोनों में विवाद हो चुका है। उस दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया था।



घायल को हॉस्पिटल ले जाते साथी



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस फोर्स

### एसएसपी बोले, जल्द होगी गिरफ्तारी

एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि रुदापुर गांव में मुदस्सिर अहमद और खुर्शीद अहमद दोनों पक्ष रहता है। दोनों पड़ोसी हैं। खुर्शीद अहमद के पक्ष के द्वारा मुदस्सिर अहमद, मुस्बिर अहमद और आकिब अहमद पर गोली चलायी गई। जिसमें तीनों घायल हो गए। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौका मुआयना किया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां पर मुबस्सिर अहमद की मौत हो गई। मुदस्सिर अहमद और आकिर अहमद की हालत खतरे से बाहर है। इस सूचना पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें खुर्शीद अहमद, मोहम्मद जैद, जावेद और एक अन्य नामजद आरोपी सामने आये हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। बहुत जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस को मौके पर मिले कई खोखा

एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल का कहना है कि फायरिंग की घटना के पीछे जमीन विवाद से जुड़ा है। पुलिस ने मौके से कई खोखा जब्त किए हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। मुकदमा लिखकर आ?पितों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की कई टीम को छापेमारी में लगाया गया है।उल्लेखनीय है कि फाफामऊ इलाके में जमीन के विवाद में झगड़े तो अक्सर होते हैं लेकिन कत्ल की भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। दोहरा और तिहरा हत्याकांड भी जमीन के विवाद में हो चुका है। ताजा घटना ने पुलिस को भी हिला दिया है। पुलिस अधिकारी इलाके में जमीन के विवाद को सुलझाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### भूगोल विभाग के छात्रों के मारपीट मे बिगाड़ दिया एक दूसरे का भूगोल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के भूगोल विभाग के दो छात्रों के बीच चल रही पुरानी टशन में जमकर मारपीट हुई। इसकी वजह से अलग-अलग छात्रावासों में रह रहे इन छात्रों के साथी भी आमने सामने आ गए। एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दोनों पक्षों ने चीफ प्राक्टर से शिकायत की। चीफ प्राक्टर ने मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को शिकायत भेज दी।इवि के भूगोल विभाग के एमए चतुर्थ सेमेस्टर के दो छात्रों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। शनिवार को प्रैक्टिकल परीक्षा खत्म होने के बाद ताराचंद छात्रावास में रहने वाले छात्र को पीसीबी के छात्र ने पीट दिया। इसके बाद दोनों छात्रावासों के दर्जनों छात्र इकट्ठा हो गए और इनके बीच भी मारपीट हुई। कई छात्रों को चोट लगी है। बाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए चीफ प्राक्टर को शिकायत की। चीफ प्राक्टर प्रो.हर्ष कुमार ने बताया कि भूगोल विभाग के छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया है। पुलिस को दोनों पक्षों से मिली शिकायत भेज दी गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि इवि परिसर के भीतर और बाहर छात्रों के बीच टकराव के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों भी दो हास्टल के छात्रों में मारपीट के बाद केस दर्ज कराया गया था। ऐसे मामलों में पुलिस के साथ ही इवि प्रशासन की ओर से भी अनुशासनात्मक एक्शन लिया जाता है।

# विधायक ने संगम में विसर्जित की मां की अस्थियां

**सरोजिनी नगर से विधायक है राजेश्वर सिंह, अस्थि विसर्जन के दौरान मौजूद रहे कई अधिकारी**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी रहे और सरोजनी नगर के मौजूदा भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह की मां तारा सिंह का निधन 24 मई को हो गया था। परिवार के लोगों और करीबियों के साथ राजेश्वर सिंह दिवंगत मां का अस्थि कलश लेकर शनिवार को लखनऊ से प्रयागराज में संगम तट पहुंचे। संगम पर एडीजी प्रेम प्रकाश सहित पुलिस प्रशासन के अफसरों समेत करीबियों और भाजपा नेताओं ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत मां को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने विधि विधान से पूजन कराकर संगम में अस्थियों का विसर्जन कराया।ईडी के पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर व विधायक राजेश्वर सिंह परिवार के सदस्यों के साथ अस्थिकलश लेकर लखनऊ से सुबह प्रयागराज पहुंचे। उनके साथ भाई रामेश्वर सिंह व परिवार की सदस्य आभा सिंह, मीनाक्षी सिंह, पत्नी आइजी लक्ष्मी सिंह, बहनोई एडीजी राजीव कृष्ण, वाइपी सिंह, सुधा सिंह उनके पति डा. कृष्णशरण सिंह, डा. परमात्मा सिंह भी आए। सभी ने संगम तट पर शोक सभा की। इसमें एडीजी जोन प्रेम प्रकाश के साथ पुलिस प्रशासन के कई अन्य अफसर भी शामिल हुए। महानगर के व्यापारियों ने भी घाट पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।तीर्थ पुरोहित दीपू शास्त्री, संतोष भरद्वाज, राजेंद्र पालीवाल, राजेश तिवारी व विनोद गिरि ने विधि विधान से पूजन कराया और नाव से बीच संगम में जाकर अस्थियों का भी विसर्जन कराया। इस दौरान घाट पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे। उल्लेखनीय है कि राजेश्वर सिंह बतौर डिप्टी एसपी यहां सीओ सिविल लाइंस तैनात रहे हैं। उनके पिता भी आइपीएस अधिकारी रहे हैं। यहां एजी आफिस के निकट उनका बंगला भी है। प्रयागराज के बहुत से लोग ईमानदार और तेज तर्रार पुलिस अधिकारी रहे राजेश्वर सिंह से जुडे.हुए हैं।




अस्थि विसर्जन करते विधायक व मौजूद अधिकारी

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा खजुरी व कचरी में ग्राम सभा में बना सामुदायिक शौचालय

**प्रधान एवं सचिव भष्ट्राचार की कडी में अहम भूमिका**

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्त कराने के उद्देश्य से देश व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया है। सरकार की मंशा थी की प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय से ग्रामीणों को जोड़कर खुले में शौच से मुक्त कराया जा सके। लेकिन विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही के चलते सरकार की मंशाओ पर पानी फिरता हुआ देखा जा रहा। कुछ इसी तरह विकासखंड करछना क्षेत्र के खजूरी व कचरी ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाए गए सामुदायिक शौचालय में भ्रष्टाचार देखने को मिला है। जहां लाखों रुपए खर्च करके सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। जिसका निर्माण कार्य होता देख ग्रामीणों को भी लगने लगा था कि शौचालय तैयार होने पर खुले में शौच के लिए जाने से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन निर्माण कार्य में ग्राम प्रधान, सचिव के साथ ठीकेदार के द्वारा व्यापक पैमाने पर अनियमितता व धन उगाही में बंदरबांट के चलते अभी तक शौचालय चालू नहीं कराया जा सका। जिससे ग्रामीण आज भी खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर है। वही ग्रामीणों को सबसे ज्यादा बरसात के दिनों में दिक्कत उठानी पड़ती है। शौचालय देख रेख न होने से चारों तरफ जंगल झाड़ियां उग आई हैं। जिस पर ग्रामीणों को द्वारा कचरा फेंक कर गंदगी का अंबार लगा दिया जा रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। जिससे ग्राम सभा में बनाए गए सामुदायिक शौचालय का प्रयोग न होने से शोपीस बनकर खड़ा है। और सरकार की सामुदायिक शौचालय की योजना मात्र कागजो पर ही सिमट कर रह गया है।





## न्यूज झरोखा



### प्यास बुझाने के लिए महिलाएं दूर दराज से लती है पानी

**तहसील प्रसाशन की तरफ से भेजा गया है टैंकर,अगर पाल बस्ती में नही पहुँचा टैंकर तो जल्द पहुँचेगा टैंकर पानी की समस्या होगी दूर : तहसीलदार बारा**

**लालापुर।** सरकार की योजना को इस समय धता बता रहे राजस्वकर्मी तहसील की तरफ से भेजा गया टैंकर पहुँच गया दूसरे गांव।इस गांव में समस्या जस की तस बनी रही। ग्रामीणों की हर सुविधा देने की जहाँ योगी सरकार बचन बद्ध है वही दूसरी तरफ जिम्मेदार कागज की लीपापोती करने में मस्त है।जिसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे है। सरकारी योजना संचालित भी हो रही है।बिडम्बना इस बात की है जहाँ पर योजना की जरूरत है वहाँ पहुँचना न मुमकिन रहता है।अगर जिम्मेदार तनिक भी ध्यान दिये होते तो ब्लाक जसरा अंतर्गत ग्राम सभा बसहरा तरहार के मजरा घुरमुटी पाल बस्ती के लोग एक किलोमीटर दूर दराज के कुँवा से पानी लाकर अपनी प्यास न बुझाते।सरकार की तरफ से जल की तमाम प्रकार की योजना होते हुये भी इस बस्ती में शून्य है। क्योकि पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से जल स्त्रोत नीचे है।बस्ती की महिलाएं सुबह शाम दूर के कुँवा से पानी लाती है जिससे घर के लोगों की प्यास बुझती है।सरकार की तरफ वही एक छोटी टँकी घर घर जल की योजना की बन जाती तो समस्या का निदान हो जाता।ग्राम प्रधान राहुल सिंह ने बताया एक टैंकर के लिये प्रगनाधिकारी बारा से मांग किया हूँ जल्द टैंकर से पाल बस्ती में पानी की समस्या दूर हो जाएगी।

### तमंचा व 35 लीटर अवैध शराब के साथ एक को पकड़ा




**लालापुर।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अमिलिया चौराहे के पास से एक व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से एक तमंचा व कई कारतूस व 35 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए जेल भेजा है। लालापुर थाने के दारोगा चंद्रिका यादव को सूचना मिली कि अमिलिया चौराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है ।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच घेर कर उक्त संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व 35 लीटर शराब बरामद की। पूंछतांछ में उसने अपना नाम कमलेश निषाद निवासी महेवा नैनी बताया है । पुलिस ने नियम संगत धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

### हत्या के प्रयास के वांछित को पकड़ा




**लालापुर।** लालापुर थाने के इसआई आशुतोष त्रिपाठी क्षेत्र के नौढिया गांव निवासी एक हत्या के प्रयास के वांछित आरोपी राजू पुत्र मोहन छैला को पकड़ कर जेल भेज दिया।

# मोबाइल दुकानदार के गिरफ्तारी को लेकर व्यापारियों ने किया चक्का जाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के कोतवाली क्षेत्र बहादुरगंज में मोबाइल दुकानदार को थाने ले जाए जाने पर पर जमकर हंगामा हुआ। दुकानें बंद कर व्यापारी सड़क पर आ गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और फिर किसी तरह समझाकर उन्हें शांत कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामला एप्पल कंपनी की नकली एसेसरीज बेचने का है। जांच पड़ताल की जा रही है।घटना शनिवार दोपहर की है। एप्पल इंडिया कंपनी के अफसरों को सूचना मिली थी कि शहर के कोतवाली इलाके में स्थित एक दुकान पर कंपनी के नाम पर नकली एसेसरीज बेची जा रही हैं। इस पर कंपनी के अफसर शनिवार को कोतवाली थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस को साथ लेकर लक्ष्मण मार्केट में स्थित एक मोबाइल की दुकान पर पहुंचे। यहां कंपनी के लोगो वाली कुछ एसेसरीज को देखकर इनके नकली होने का शक जताया गया। जिसके बाद पुलिस दुकानदार को पूछताछ के लिए थाने लेकर चली गई। इसकी जानकारी आसपास के दुकानदारों को हुई तो वह आक्रोशित हो उठे।उन्होंने मार्केट के सामने वाली सड़क पर जाम लगा दिया। जिससे यातायात बाधित हो गया। व्यापारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मान-मनौव्वल की कोशिश की, लेकिन दुकानदार मानने को तैयार नहीं हुए। कुछ देर बाद सीओ कोतवाली सत्येंद्र प्रसाद तिवारी व सिटी मजिस्ट्रेट भी आ गए। अफसरों ने समझाया कि दुकानदार को केवल पूछताछ के लिए ले जाया गया है, तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद जाम खत्म कराया जा सका। सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।



चक्का जाम करते व्यापारी

# दो सप्ताह से चल रहे समर कैंप का हुआ समापन

**अखंडीारत संदेश**

**मेजा रोड।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज चंपारण गोशौरा कला, मेजारोड में विगत 2 सप्ताह से चल रहे समर कैंप के समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक दुबे ने कहा कि दुर्गावती विद्यालय आने वाले दिनों में यमुनापार का नालंदा विश्वविद्यालय होगा। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जिस ढंग से आधुनिक प्रणाली से उच्च स्तरीय शिक्षा इस विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा दी जा रही है, निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में यहां पर निकले छात्र विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम भी रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा के वरिष्ठ नेता रईश शुक्ला ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम देखकर अभिभूत हूं, बहुत कम समय में दुर्गावती स्कूल द्वारा क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा का संगम प्रभावित होगा। विद्यालय के प्रबंधक डॉ स्वतंत्र मिश्रा ने विस्तार से समर कैंप बारे में बताया कि किस ढंग से इस 2 सप्ताह में बच्चों ने किस ढंग से सनातन संस्कार के साथ-साथ बिना बैग एवं किताब के ज्ञान प्राप्त किया, वह अविस्मरणीय है। समर कैंप में सीखे जब बारीकियां छात्र-छात्राओं के जीवन में व्यापक असर डालेगा। समय में बच्चों ने कराटे योगा, सिंगिंग, डांसिंग, क्रिकेट, जिम्नास्ट, स्विमिंग, कुकिंग स्कूल, पिकनिक आदि कार्यक्रम में भागीदारी किया, जिसका प्रमाण पत्र विद्यालय के द्वारा प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में राम पांडे, अजय तिवारी, तुलसीदास, शैलेश पांडे, रेनू पांडे प्रधान, पवन, विशाखा, रूपाली, प्रियंका, अंजलि, सविता, जुबेरिया, सुधांशु, अमित बाजपेई, अरुण आदि मौजूद रहे।



समापन समारोह में उपस्थित विद्यालय के अध्यापक


## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2021–22 मे ग्राम पंचायत पुरैनी विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 29–05–2022 से दिनांक 08–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत पुरैनी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 09–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 09–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | जगत नारायण के घर से इन्द्रजीत के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.80 लाख | 2 माह |
| 2. | रमेश पाण्डेय के घर से तालाब तक इण्टर लाकिंग कार्य | 2.48 लाख | 2 माह |
| 3. | राजमन के घर से उमेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.93 लाख | 2 माह |
| 4. | सिपाही लाल के घर से नहर तक 700 मीटर पक्की नाली निर्माण कार्य | 16.00 लाख | 2 माह |

मन्जू पाण्डेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021-22/ दिनांक

कमल सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पुरैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस का किया निरीक्षण

## 13 शिकायतों में चार का हुआ निस्तारण



थाने का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल व एसपी सतपाल अंतिल ने थाने का निरीक्षण कर जनसुनवाई की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन विवाद के प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर उसका निस्तारण करें।

पैमाइश एवं कब्जा दिलाने संबंधी शिकायतों का उसी दिन निस्तारण किया जाए।

थाने में समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

माह के अंतिम समाधान दिवस में थाने पर आई कुल तेरह शिकायतें जिसमे चार मामलों का तुरंत निस्तारण किया गया व चार मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस टीम व राजस्व विभाग को मौके पर भेजा गया। समाधान दिवस सम्पन्न होने के बाद पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने कंधई कोतवाल सत्येंद्र सिंह को लेकर थाना परिसर घूमे साथ ही साफ सफाई व पीने का पानी से लेकर रख रखाव व बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया।

## समाधान दिवस पर आई छह शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाने में शनिवार को समाधान दिवस पर 6 शिकायत पत्र में 4 राजस्व व 2 पुलिस से सम्बंधित शिकायत पत्र आये जिसमें पुलिस से सम्बंधित दो शिकायत पत्र का सीओ कुंडा अजीत कुमार सिंह ने मौके पर हल्का के एस आई को भेजकर निस्तारण करा दिया राजस्व से सम्बन्धित 4 शिकायत पत्र को निस्तारण के लिये राजस्व कर्मियों को दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी एस आई सुरेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, अनूप सिंह व राजस्व कर्मी के साथ थाने के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने बीस हजार नकदी समेत उड़ाये लाखों के जेवरात

**लालगंज प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने पीछे के रास्ते घर मे कूदकर लाखों के गहने व बीस हजार नकदी पर हाथ फेर दिया। कोतवाली के पूरे बंशी निवासी राजकुमार की पत्नी राजकुमारी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती शुक्रवार की रात वह खाना खाकर बच्चों के साथ बाहर सो गयी। रात मे बदमाश पीछे के रास्ते उसके घर मे कूद गये। बदमाशों ने मकान मे चार कमरो का ताला तोडकर उसमे रखे बॉक्स के ताले भी तोड डाले। बदमाशो ने बाक्स मे रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात तथा बीस हजार नकदी उडा लिये। पीडिता के मुताबिक ढाई लाख कीमती गहने बदमाशो के हाथ लगे है। सुबह पीडिता ने घर मे चोरी का माहौल देखा तो वह आवाक रह गयी। पीडिता ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर घटना को लेकर तहरीर दी है। तहरीर पर इलाकाई दरोगा ने मौके पर पहुंचकर जांच पडताल भी की है।

# रेल आरक्षण काउंटर पर गुंडों ने यात्रियों को जमकर पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर शुक्रवार को देर रात गुंडों के आतंक से लाइन में बैठे यात्रियों की जान आफत में पड़ गई। यह तब हुआ जब लोगों की सुरक्षा का दावा करने वाली कोतवाली, चैकी और जीआरपी पुलिस परिसर से नदारद थी। भोलियापुर और अचलपुर के दबंगों ने तत्काल टिकट के लिए लाइन में बैठे यात्रियों को जमकर पीटा ही नहीं, उन्हें खींच कर बाहर कर दिया। उनकी जगह अपने लोगों को खड़ा कर दिया। शिकायत करने पर दुबारा पीटने की धमकी दी गई। काफी देर बाद जीआरपी आई थी। उसने पीड़ितों द्वारा चिंहित किए गुंडों को पकड़कर कार्रवाई के बजाय समझाने में लग गई।

यात्रियों का कहना है कि यह तब हो रहा है जब योगी सरकार गुंडों का सफाया कर रही है। भोलियापुर के अपराधी फिर से सिर उठाने लगे हैं। अपना खौफ लोगों को दिखाने के लिए उन्होंने एक बार फिर से रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर को चुना है। बीती रात को करीब नौ बजे तत्काल की लाइन में नम्बर का विवाद शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार इसी बीच कई बाइक पर सवार होकर आए लोगो ने जिसमें कुछ का चेहरा जाना पहचाना था। यात्रियों को पीटना शुरू कर दिया। लाइन से खींच कर बाहर कर दिया।अचानक से हुए हमले से अफरातफरी मच गई। यात्री घबरा कर भागना शुरू कर दिए। इसी बीच किसी ने आरपीएफ और जीआरपी को फोन कर दिया। जीआरपी वाले पहुंचे डांट डपट कर सबको शांत किया। उसके बाद भी दबंग डटे रहे। जब तक कि उनका नम्बर लग नहीं गया। मुंबई के लिए टिकट की लाइन में खड़े पल्टन बाजार के संजय का आरोप है कि आए दिन ये गुंडे आरक्षण काउंटर पर बवाल करते हैं। यात्रियों को मारते पीटते हैं। चिलबिला के भोलानाथ का कहना है कि वैसे तो दिन भर पुलिस सायरन बजाती घूमती है। जब गुंडे बाहर आते हैं। वह स्टेशन परिसर से गायब हो जाती है। जीआरपी वाले भी खानापूर्ति के लिए चले आते हैं। यात्रियों की मांग है कि उनकी सुरक्षा की जाय। पुलिस लोगों को लाइन में लगाए। एसओ जीआरपी ने बताया कि मारपीट की सूचना पर वे खुद मौके पर गए, लेकिन कोई हमलावर मिला नहीं। किसी ने उनकी पहचान भी नहीं कराई। जांच पड़ताल हो रही है।

### आए दिन हो रही मारपीट, बेखौफ अपराधियों से सहमे मुसाफिर

# महिलाओं को आत्म स्वावलंबन बनाने को दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठु अवधेश पुरम प्रतापगढ़ के तत्वाधान में महिलाओं को आत्म स्वावलंबन बनाने के लिए अगरबत्ती बनाने का 5 दिवसीय 23 से 28 मई तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गृह वैज्ञानिक स्वाती दीपक दुबे ने अगरबत्ती बनाने का सम्पूर्ण तरीका बताया और कहा कि प्रशिक्षण के बाद महिलायें मशीन से तथा हाथ से दोनो तरीके से अगरबत्ती बनाने की शुरूआत कर सकती है। महिलाओं को मशीन के रखरखाव के बारे में भी विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। लालगंज के अझारा के उद्यमी श्री मनीष जी जो कि इन्ही सब उत्पादां के विपणन से जुड़े है, इन्होने महिलाओं को अगरबत्ती बनाने तथा इसके विपणन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया और इस व्यवसाय को करने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद जिन महिलाओं को अगरबत्ती बनाने की मशीन लेनी हो उसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र पूरी जानकारी प्रदान करेगा जिससे महिलाएं अपने घर पर कुटीर उद्योग चलाकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर गीता, मानवी, शान्ति, लक्ष्मी, कुसुम आदि उपस्थित रहीं।

## आबादी की जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपी द्वारा घर के सामने जबरन मोरंग रख कर के उस पर कब्जा करने के मामले में पीड़ित ने उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के कोटिया पूरेधनी गांव के रहने वाले अजीत कुमार जायसवाल पुत्र कृष्ण प्रसाद जायसवाल ने बताया कि उनके घर पर 5 जून को शादी समारोह है ।

# अवैध तमंचा तश्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## तमन्चा बनाने के उपकरण, आधा दर्जन असलहा व कारतूस हुए बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को भोर में गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध तमंचा बनाने के उपकरण, निर्मित, अर्धनिर्मित असलहे व कारतूस के साथ चार आरोपियों को पकड़ा। स्थानीय कोतवाली पुलिस शनिवार को भोर में लगभग पाँच बजे जलेसरगंज रोड़ पर गश्त कर रही थी। पुलिस जैसे ही जैनपुर नहर के पास पहुँची कि वहां चार युवक संदिग्ध दशा में पुलिया पर बैठे दिखाई दिए।

गश्त के दौरान मौजूद प्रभारी कोतवाल कमलेश कुमार पाल ने जब चारों युवक से तलाशी ली तो उनके पास से आधा दर्जन निर्मित,तीन अर्धनिर्मित, आठ कारकतूस के साथ तमंचा बनाने के उपकरण भी बरामाद हुए।पूछताछ के दौरान चारो युवकों की पहचान लालगंज नगर के समीप खानापटटी निवासी सलमान उर्फ

मो. इकराम पुत्र मो० इरबाहीम, जलेशरगंज निवासी सरवरअली पुत्र खालिक, पूरे जीवन निवासी अंसार पुत्र शब्बीर व नबाबगंज थाना के धनऊ का पुरवा परियांवा निवासी शशांक कुमार पुत्र फूलचंद्र मौर्य की रूप में की गई।आरोपियों ने बताया कि वह लोग तमंचा बनाकर पूरे जिले मे बेचते है। इस बाबत कोतवाली मे आयोजित प्रेस वार्ता मे सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि आरोपियो के द्वारा तमंचे का निर्माण कर अपराधियों की मदद की जाती है।पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत पांच मुकदमें दर्ज कर जेल भेज दिया। सीओ ने सफलता पर थानाध्यक्ष कमलेश पाल की पीठ थपथपाते हुए टीम मे शामिल उप निरीक्षक राजेश कुमार, लीलापुर चौकी इंचार्ज विनीत उपाध्याय, उपनिरीक्षक अनीस कुमार यादव व आरक्षी प्रेमवीर, राजकिशोर चैहान, कुलदीप सिंह,नेहा मिश्रा, कोमल श्रीवास्तव को ईनाम दिये जाने की एसपी को संस्तुति की है।उधर एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र ने भी पुलिस टीम की कामयाबी की सराहना की।

### गश्त के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी



पुलिस की गिरफ्त में अवैध तमंचा तस्कर।

# भंगवा चुंगी, चौक, स्टेशन रोड, कम्पनी गार्डन के सामने का हटा अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रही है। शनिवार को भंगवा चुंगी से लेकर चैक तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया जिसके तहत सड़क के किनारे लगी होडिंगों को नगर पालिका की जेसीबी मिनटों में उतारकर जमीन में फेंक दे रही थी। ठेलेवाले तो अतिक्रमण की टीम देखकर भाग खडे.हुए लेकिन जिन लोगों ने नाले-नालियों पर अतिक्रमण कर रखा था, उन्हें भी नगर पालिका की जेसीबी तोड़ रही थी।

बता दें कि एक दिन पहले शुक्रवार की शाम को भंगवा चुंगी व रेलवे स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाया गया था। रेलवे स्टेशन के बाहर चाय-पाय की दुकानों के छप्पर और चाय की गुमटी हटाई गई। नगर पालिका ने सभी व्यवसायियों से नाली के पीछे दुकान लगाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा अम्बेडकर चैराहा से लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला तक अतिक्रमण हटाया गया। कम्पनी गार्डेन के सामने छिटपुट सब्जी की दुकान लगाने वाले भी भाग खडे. हुए। बता दें कि अब सब्जी की दुकानें सगरा रोड पर लगती हैं। छिटपुट दुकानें आए दिन कम्पनी गार्डेन के सामने दिखाई पड़ती हैं। इस तरह अतिक्रमण विरोधी अभियान चलने से सड़कें चैड़ी दिखाई पड़ने लगी है। अतिक्रमण विरोधी अभियान में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, शहर कोतवाल के साथ भारी पुलिस, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल रहे। बताया जाता है कि नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी टीम शाम पांच बजे निकलती है और रात आठ बजे तक यह अभियान चलाता है। दो दिन से रोज अतिक्रमण अभियान चलने से लोगों में हड़कंप मचा है।

## जेसीबी से उतारी गई अवैध होर्डिंग



जेसीबी से होर्डिंग को उतारते नगर पालिका कर्मी।

## वन विभाग ने लकड़बग्घे के बच्चे को पकड़ा

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सोनामऊ प्राइमरी स्कूल से सौ मीटर की दूरी पर मिट्टी की मांद में लकड़बग्घा के बच्चे को देख ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गईं। मांद के अंदर छिपे लकड़बग्घे के बच्चे को देखकर गांव के बच्चों ने उसकी फोटो खींच कर गाव में लोगो को दिखाया लकड़बग्घे के बच्चे को देखकर गाँव में हड़कम्प मच गया, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति सुरेश कुमार यादव को दी, जिस पर ग्राम प्रधान ने मामले को कालाकांकर फारेस्टर वन विभाग के दिनेश कुमार पटेल को जानकारी दी, जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम जाल लेकर पहुची और ग्रामीणों की मदद से लकड़बग्घे के बच्चे को किसी तरह जाल में कैद कर लिया जिससे ग्रामीणों को राहत मिली।

# वृद्धा आश्रम में रह रहे बाबा का मना 100वाँ जन्मदिन

### एलायंस क्लब ने जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा आज वृद्धा आश्रम महुली पहुंचकर वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों का हाल जाना। वहां पर पता चला कि एक बुजुर्ग बाबा जयराम का आज 100वाँ जन्मदिन है। इस पर क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य व अशोक अग्रवाल ने 100वाँ जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। वृद्धा आश्रम में रह रहे बाबा जी का खुशी का ठिकाना नहीं था आज बाबा के जन्मदिन पर वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्ग व महिलाओं ने केक व मिठाई खाकर खुशियां मनाई। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बाबा ने हम सब को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बाबा जयराम ने कहा कि मेरे जीवन में इतनी खुशियां नहीं मिली थी वह आज देकर मुझे बच्चों की कमी पूरी कर दी और मैं अब जीना नहीं चाहता था लेकिन आज की खुशी देकर मुझे फिर से नया जीवन जीने के लिए प्रेरित कर दिया। मै अब यहां रह रहे मेरे साथ बुजुर्गों को भी प्रेरण देने की कोशिश करूंगा। यही हमारा असली घर बार है। इस अवसर पर अंबिका प्रसाद, राजोल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विनय कुमार, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, रेखा उमरवैश्य, पीहू गुप्ता, प्राची गुप्ता, बबीता अग्रवाल, आदर्श कुमार, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, विवेक कुमार, चमन कुमार आदि मौजूद रहे।



बाबा जयराम का जन्मदिन मनाते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

## नाली का रास्ते को लेकर पीड़ित ने किया शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगरपालिका की बनाई गई नाली को पड़ोसी जबरन अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है। उलाहना देने पर मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी नगर के रहने वाले अजय कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय जवाहर लाल जयसवाल वार्ड नंबर 1 में रहते हैं पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि उनके घर के समीप अंडरग्राउंड नाली बनी हुई है जिसमें बृजेंद्र कुमार मोदनवाल पिछले 11 महीने से नाली का पटिया हटाकर उस पर कब्जा किया है। उसे अतिक्रमण हटाने की बात पर मारपीट करने पर उतारू हो जाता है जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव के रहने वाले चिरंजीव चैरसिया पुत्र राम अचल ने बताया कि वह अपने मकान के बगल पक्की नाली का निर्माण करना चाहते हैं लेकिन उसके पड़ोसी आरोपी नाली नहीं बनने दे रहे हैं मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया।

## वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक राकेश सिंह और निदेशिका अलका सिंह ने फीता काट कर किया।विद्यालय की छात्रा यशश्वी, हर्षिता और प्रशांति ने कार्यक्रम का संचालन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन देखकर अभिभावकों ने खूब सराहना की। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेलकूद, आर्ट एवं क्राफ्ट से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समर कैंप में बच्चों को डांस, कराटे, आर्ट और क्राफ्ट, म्यूजिक, बास्केटबॉल, क्रिकेट आदि सिखाए गए।

# प्राइमरी स्कूल में डाली जा रही मिट्टी का जांच करने पहुंची बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** गांव में 100 दिन का रोजगार दिलाने की योजना पर पानी फेरा जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री की आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत जनवामऊ के प्राथमिक विद्यालय नेवाती का पुरवा का है। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां पर स्कूल की बाउंड्रीवाल में मिट्टी डालने के लिए ग्राम प्रधान मनरेगा के मजदूरों से न कराकर जेसीबी मशीन से मिटटी डलवा रहे है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से फोन पर किया। मौके पर जांच करने पहुँची खण्ड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी व ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार मौके पर पहुँचे। जांच करने पहुँची खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर ने बताया कि नेवाती का पुरवा स्कूल में 15वां राज्य वित्त के तहत बाउंड्रीवाल कराया जा रहा है, जिसमे स्कूल की जमीन में गड्ढे होने से पानी भर जाता है। स्कूल में जेसीबी से पड़ने वाली मिटटी तालाब से नही निकाली जा रही है। मिट्टी डलवाने का खर्च ग्राम प्रधान स्वयं वहन कर रहे है। स्कूल में पड़ने वाली मिट्टी का काम कार्य योजना में नही है और न ही मनरेगा का काम था। स्कूल की बाउंड्रीवाल के साथ गांव में बने तालाब का भी बीडीओ ने सत्यापन किया। जांच पड़ताल करने के बाद बीडीओ ने शिकायत को गलत बताते हुए वापस ब्लाक मुख्यालय चली गई।



प्रइमरी स्कूल की जांच करतीं बीडीओ अपर्णा सैनी

## विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर मे चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान को लेकर व्यापारियों ने शनिवार को कोतवाली परिसर मे एसडीएम व सीओ को समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे व महामंत्री डा. सुनील की अगुवाई मे व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण अभियान को प्रभावी बनाये जाने से पहले नगर मे वाहन पार्किंग के प्रबन्ध की मांग उठाई। वहीं व्यापारियों ने पटरी दुकानदारों को लागत रेट पर दुकानो के आवंटन की भी मांग रखी। ज्ञापन मे बाजारों मे स्मार्ट सिटी योजना के तहत छोटे छोटे बेंडिंग जोन बनाये जाने तथा सड़को के दोनों तरफ खरीददारों के लिए भी वाहन खड़ा करने के स्थान को चिन्हित किये जाने की मांग उठाई। एसडीएम अरूण सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने समस्याओं के समाधान का व्यापारियों को भरोसा दिलाया। इसके बाद व्यापारियों ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह से भी मिलकर इन समस्याओं पर ज्ञापन सौपते हुए नगर पंचायत की ओर से निदान कराए जाने की मांग रखी। ज्ञापनदाताओं मे संरक्षक डा. रमाशंकर शुक्ल, देवेन्द्र मिश्र, अम्बिका प्रसाद मिश्र, रहमान अंसारी, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

## नाली विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नाली से पानी निकलने के विवाद को लेकर पड़ोसी आरोपियों ने एक राय होकर एक महिला को जमकर मारपीट किया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आशापुर अठगंवा गांव की रहने वाली नीलम देवी पत्नी देवेंद्र ने बताया कि शनिवार की सुबह नाली से पानी निकालने के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर घर में घुसकर मारपीट किये और उसका जेवरात भी छीन ले उसके सर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया है।

## सई नदी में गहरे पानी में समाया युवक, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव के समीप मवेशी चराने गये युवक की सई नदी मे गहरे पानी मे समा जाने से मौत हो गयी। मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के छोटा भटपुरवा निवासी जान मोहम्मद 23 पुत्र जाबिर बडौदा गुजरात में निजी कंपनी मे रोजगार के सिलसिले मे रहता था। सप्ताह भर पूर्व वह अपने गांव आया था। अभी तीन दिन पहले ही जान मोहम्मद की शादी हुई थी। जान मोहम्मद शनिवार को गांव के कुछ लोगों के साथ समीप के कोटवा घाट पर मवेशी लेकर गया था। उसकी भैंस नदी के उस पार चली गयी थी। वह अपने एक साथी के साथ नदी मे तैरकर उस पार से मवेशी कोटवा घाट पर ला रहा था। अचानक सई की बीच धारा मे वह डूब गया। घाट पर मौजूद साथियों के शोर मचाने पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे और जान मोहम्मद को नदी के बाहर निकाला। आननफानन मे परिजन उसे लेकर सांगीपुर सीएचसी पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जान मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। बिलखते परिजन उसका शव लेकर घर लौट गये। जान मोहम्मद को दस दिन बाद ही वापस बडौदा जाना था। मौत से घर परिवार मे कोहराम मच गया।

## ठंडे में दारू मिलाकर पिलाया फिर किया पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपी पड़ोसियों ने एक व्यक्ति से जमीन बेचने की बात कही जब उसने इसके लिए इनकार किया तो आरोपियों ने ठंडा शीतल पेय मंगा कर उसमें दारू मिलाया और नशे की हालत में उसे जमकर मारा पीटा और मां बहन की गालियां दी पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव का रहने वाला लल्लन गौतम ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उसके पड़ोसी दो लोग उसके घर पहुंचे और उसका खेत लिखवाने की बात कहने लगे पीड़ित ने जब मना किया तो आरोपी एक ठंडे में दारू मिलाकर उसे पिला दिया। उसके बाद नशे की हालत में उसे जमकर मारा पीटा तथा गाली गलौज किया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम एसपी ने थाना सराय अकिल तथा कौशाम्बी में सुनी जनसमस्याएं

## राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सराय अकिल एवं थाना कौशाम्बी में जनसमस्याओं को सुना। थाना सराय अकिल में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर टीम को मौके पर जाकर शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी में 04 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर टीम को मौके पर जाकर शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के डीएम एसपी ने निर्देश दिये है। थाना सरांय अकिल में शिकायतकर्ता श्री इफ्तेखार, निवासी-फकीराबाद ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार शिकायतकर्ता बेलपत्ती पत्नी मैकूलाल निवासी ग्राम मोहिउद्दीनपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी जमीन पर जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने गत थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों पर अब तक की गयी कार्यवाही की भी समीक्षा की।



सराय अकिल थाने में जनसुनवाई करते डीएम एसपी

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ब्लॉक कौशाम्बी में सुनी जनसमस्याएं

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आज ब्लॉक दिवस के अवसर पर ब्लॉक कौशाम्बी में जनसमस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें ब्लॉक दिवस में 04 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसे सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें गये।

### मंझनपुर कोतवाली में थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसडीएम सीओ

**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के संपूर्ण थाने में आयोजित किया गया थानों में उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी भी पहुँचे और समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास मौके पर किया है जिन मामलों का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका है उन्हें अधीनस्थों को सौंप कर समय सीमा के अंदर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली में क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी मंझनपुर ने थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया है उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार माह के चौथे शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में उप जिला अधिकारी सीओ मंझनपुर कोतवाली प्रभारी और क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे कोतवाली मंझनपुर में चौथे शनिवार को उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम और सीओ डॉ कृष्ण गोपाल नारायण तथा कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह सहित क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारी की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया उप जिला अधिकारी प्रखर उत्तम ने राजस्व से संबंधित दर्जनों शिकायती पत्रों का अवलोकन किया। इसके बाद संबंधित राजस्व कर्मचारी को तत्काल मामले के निस्तारण का निर्देश दिया सीओ डॉक्टर कृष्ण गोपाल नारायण ने पुलिस से संबंधित दर्जनों शिकायतों को दर्ज कर उनकी बारीकी से जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस को तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाली मंझनपुर में काफी संख्या में शिकायत कताओं ने अपनी शिकायतें थाना दिवस में दर्ज कराया।


मंझनपुर कोतवाली में जनसुनवाई करते एसडीएम सीओ और कोतवाल


कोखराज थाने में जनसुनवाई करते नायब तहसीलदार और थानेदार

### नायब तहसीलदार के नेतृत्व में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**कोखराज कौशाम्बी।** नायब तहसीलदार सिराथू के नेतृत्व में कोखराज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है थाना दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं जिस पर नायब तहसीलदार और थानेदार ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और उसके निस्तारण का प्रयास किया जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर नहीं हुआ है उनके निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानेदार ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंदर कर दिया जाए उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों में किसी कीमत पर लापरवाही और पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोखराज थाने में समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को नायब तहसीलदार व एसओ कोखराज गणेश प्रसाद सिंह ने सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया समाधान दिवस के अवसर पर चौकी इंचार्ज हरि श्याम सिंह चन्देल मूरतगंज चौकी इंचार्ज धीरेंद्र कुमार सिंह भोला सिंह यादव कानून गो अनिल कुमार अर्ग्रहरी लेखपाल अमन सिंह देवेन्द्र सिंह दिलीप सिंह मान सिंह अशोक कुमार श्याम नारायण मिश्रा शिव बाबू रियाज अहमद,रितेंद्र सिंह सरफराज अहमद शाहिद राजस्व कर्मी पुलिस जवान और इलाके के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

# जमीनी विवाद में परिजनों ने ही किया वृद्ध पर प्राणघातक हमला

## करारी थाना क्षेत्र के दशरथपुर सचवारा गांव में शनिवार को दिया गया घटना को अंजाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के सचवारा दशरथपुर गांव में एक वृद्ध पर उसके परिजनों ने ही बेरहमी से हमला कर दिया है जिससे वृद्ध को गंभीर चोटें आई हैं घायल वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है विवाद के पीछे संपत्ति बटवारा प्रमुख कारण बताया जाता है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के दशरथपुर सचवारा गांव निवासी भिखारी लाल के शारदा प्रसाद बृज लाल और सरजू प्रसाद 3 पुत्र है संपत्ति बंटवारे को लेकर शारदा प्रसाद से अपने दो अन्य भाई बृजलाल और सरजू प्रसाद से विवाद चल रहा है इसी विवाद के चलते शनिवार की सुबह बृजलाल और सरजू प्रसाद ने अपनी पत्नी और बेटों के साथ मिलकर शारदा प्रसाद पर लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया लाठी डंडा से उसके ही परिजनों ने उसे बेरहमी से पीटा है जिससे शारदा प्रसाद लहूलुहान हो गया घायल अवस्था में शारदा प्रसाद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है।


हमले में घायल वृद्ध

### भाई और मां के साथ मिलकर पत्नी को पीट पीट कर किया मरणासन्न

**कौशांबी।** मोहब्बतपुर पइंसा कोतवाली क्षेत्र के पंइसा गांव में पति ने अपने भाई और मां के साथ मिलकर पत्नी को पीट पीटकर मरणासन्न कर दिया है घटना शुक्रवार की है दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिससे पति आग बबूला हो गया और बेरहमी से पत्नी को पीट दिया लहूलुहान पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पइंसा गांव निवासी नफीस ने अपने भाई वसीफ अहमद अपनी माता फरीदा बानो के साथ मिलकर अपनी पत्नी शाहिन फातमा की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे पत्नी शाहीन फातमा का सर फट गया और हालत गंभीर बनी हुई है सर की चोटे गहरी होने के कारण शाहिन फातमा बेहोश होकर गिर गई पत्नी के बेहोश होते ही नफीस अपने भाई व माता को लेकर घर से फरार हो गया शाहिन फातमा को जब कुछ समय बाद होश आया तो उसने पइंसा कोतवाली में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र अपने पति नफीस अहमद देवर वसीफ अहमद सास फरीदा बानो के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है पुलिस ने युवती को मेडिकल के लिए सिराथू सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

### खाते से पैसा निकालने वाला अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कौशाम्बी।** लोगो को धोखे में रखकर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को कोखराज थाना क्षेत्र के चकिया खोराव गाँव से साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है एएसपी समर बहादुर ने जानकारी दी कि जनसेवा केंद्र पर अंगूठा लगा कर सरवर डाउन होने की बात कह कर लोगों के खाते से पैसा गायब करने वाले शातिर अपराधी का खुलासा किया है पकड़े गए अभियुक्त के पास से साइबर सेल की टीम ने 40 हजार रुपए नगद बरामद कर जेल भेज दिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के मनमऊ की रहने वाली कलावती की शिकायत के बाद थाना पुलिस के साथ साथ साइबर सेल की टीम हरकत में आ गयी और जांच पड़ताल में जुट गई थी मुखबिर की सूचना मिलते ही अमित नाम के अधेड़ को गिरफ्तार किया जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### अराजक तत्वों ने नलकूप को किया नष्ट


**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के गौहानी गांव में लगे नलकूप की दीवार में सेंध कर बीती रात अराजक तत्व नलकूप के अंदर घुस गए हैं और नलकूप के बोर पाइप में ईट पत्थर डालकर उसे नष्ट कर दिया है अराजक तत्वों ने पाइप से भी छेड़खानी की है जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बराई बँधवा गांव निवासी धर्मराज पुत्र छोटेलाल का नलकूप गौहानी गांव में लगा है बीती रात धर्मराज के नलकूप में सेंध करके घुसे अराजक तत्वों नलकूप के पाइप बोर में ईट पत्थर डाल दिया है जिससे नलकूप मालिक का लाखों का नुकसान हुआ है नलकूप मालिक ने स्थानीय पुलिस चौकी को शिकायती पत्र देकर अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 13 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना कौशाम्बी से तीन थाना सराय अकिल से दो थाना कोखराज से एक थाना सैनी से एक. थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से तीन कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## न्यूज झरोखा

### महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से किया वार



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के छीता हररायपुर गांव में एक महिला पर उसके जेठ जेठानी और उनके पुत्रों ने गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर दिया है जिससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के छीता हररायपुर गांव निवासी रीता देवी सरोज पत्नी राजकुमार आंधी में गिरे पेड़ की लकड़ी लेकर अपने घर जा रही थी इसी बीच उसकी जेठानी जैकी उसका पति रामसुमेर और बेटे जलसा ने रीता देवी की लकड़ी ले जाने से रोका इसी बात को लेकर विवाद होने लगा आक्रोशित जेठ जेठानी ने महिला रीता देवी पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट लगी हैं लहूलुहान हालत में महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

### तीन तमंचा कारतूस के साथ तीन गिफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान आपरेशन पाताल के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा तीन अभियुक्तो गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद होने पर अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है जानकरी के मुताबिक अभियुक्त महताब अहमद पुत्र सौकत अली निवासी सड़या थाना सराय अकिल को एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व नरेन्द्र शुक्ला पुत्र धिरेन्द्र कुमार शुक्ला निवासी मेड़रहा कौशाम्बी को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व गौरीशंकर विश्वकर्मा पुत्र नथन विश्वकर्मा निवासी रामपुर सुहेला थाना कोखराज को एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय कर दिया है।

### चोरी के बालू के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा तीन अभियुको रईश पुत्र नईम निवासी पुरेजीत थाना गौरीगंज जनपद अमेठी गौरव सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी व थाना धमौर जनपद सुल्तानपुर अभिषेक पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी व थाना डी जनपद रायबरेली को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से दो ट्रक में अवैध खनन का बालू (मौरग) लदा हुआ बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चायल के निर्देशन में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नारायण पुत्र स्व0 शिवनारायण निवासी काजू थाना चरवा को 01 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्त फूलचन्द्र पासी उर्फ आला बोदा पुत्र स्व0 राजेश उर्फ पंचा निवासी सिधौरा मजरा सैयद सरावां थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व करन पासी उर्फ पिंटू पासी पुत्र मोहबे पासी निवासी सिधौरा मजरा सैयद सरावा थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर दोनों अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 174 वाहनों का ई चालान किया गया तथा दो वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### रेहड़ी पटरी ठेला वालों का उत्पीड़न के बजाए जगह कराई जाए सुनिश्चित : पूर्व विधायक

#### नगर पालिका क्षेत्र में नियम विरुद्ध तरीके से जिला पंचायत जमा रहा सरकारी जमीन पर अपना कब्जा

**कौशाम्बी।** पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने शनिवार को जिलाधिकारी कौशांबी को पत्र के माध्यम से कहा कि अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों एवं रेहड़ी पटरी व ठेला दुकानदारों का उत्पीड़न न किया जाए उन्हें सुव्यवस्थित स्थान पर स्थापित किया जाए नगर पालिका परिषद भरवारी में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है पूर्व विधायक ने कहा कि मेरे पास बड़ी संख्या में पटरी पर व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों ने आकर मुझसे अवगत कराया कि हम लोग को पटरी से बलपूर्वक खदेड़ दिया गया है परंतु कहीं पर व्यवसाय करने हेतु स्थान नहीं दिया जा रहा पूर्व विधायक ने कहा कि मेरे नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यकाल में सड़क की पटरियों पर लगने वाली दुकानों को सड़क से हटाकर आबादी की भूमि संख्या 195 रकबा 0.66 20 जो भरवारी नगर के मध्य में स्थित है वहां पर सब्जी एवं फल वालों की बाजार लगाई गई थी उक्त जमीन पर जिला पंचायत ने अपना दावा कर तत्कालीन जिलाधिकारी से अपने पक्ष में आदेश कराकर उस स्थल को खाली करा दिया था परिणाम स्वरूप सब्जी एवं फल ठेला आकर सड़क पर लगने लगी सितंबर 2017 शासन द्वारा भरवारी नगर पंचायत को उच्चीकृत कराते हुए नगर पालिका परिषद घोषित कर दिया गया जिसमें उक्त घाट को नोटिफिकेशन में नोटिफाइड किया गया है उन्होंने कहा कि आपसे अपेक्षा है कि रोज के कमाने खाने वाले पटरी व ठेला दुकानदारों के हित को ध्यान में रखते हुए नगर के मध्य में उक्त भूमि बाजार में स्थापित कराएं नगर वासियों को समान क्रय करने में असुविधा ना हो व शासन की मंशा के अनुसार अतिक्रमण मुक्त कराते हुए छोटे दुकानदार की जीविका भोजन की व्यवस्था की जा सके पूर्व विधायक ने जिला अधिकारी को पत्र देकर समस्त ठेला पटरी पर लगने वाले छोटे व्यापारियों के हित में अपनी बात रखते हुए कहा कि पुनः उनका व्यापार चल सके इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

# चिकित्सकों की लापरवाही से बंदना अस्पताल में महिला मरीज की मौत

## अकुशल अनट्रेंड चिकित्सक आए दिन मरीजों की ले रहे जान मरीजों से लूट का मचा रखा है धंधा मानक विहीन चल रहे प्राईवेट अस्पताल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के बंदना हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की चिकित्सकों की लापरवाही से मौत हो गई है महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा है सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है मृतक महिला पइंसा थाना क्षेत्र के अफजल पुर वारी गांव की रहने वाली बताई जाती है।

जानकारी के मुताबिक याशीन बानो उम्र 28 वर्ष पत्नी मुतुर्जा हुसैन निवासी अफजल पुर वारी के पेट मे दर्द होने के बाद परिजनों ने महिला को बंदना अस्पताल सिराथू में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई और देखते-देखते अस्पताल में महिला की मौत हो गयी महिला की मौत के बाद उसके ससुराल अफजल पुर वारी गांव के लोग और महिला के मायका गोविंदपुर गोरियो गांव के तमाम लोगों ने अस्पताल में पहुंचकर इलाज में लापरवाही का चिकित्सको पर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। महिला की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगा कर जमकर हंगामा किया है परिजनों के हंगामा करने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और समझा बुझाकर किसी तरह से परिजनों को शांत कराया बंदना अस्पताल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है प्राइवेट अस्पताल संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है और आए दिन अकुशल अनट्रेंड चिकित्सकों के इलाज के चलते मामूली मर्ज में मरीजो की मौत हो रही है।


अस्पताल के बाहर हंगामा करते मरीज के परिजन

# कोतवाली के सामने सरकारी जमीन पर भूमाफिया ने शुरू किया कब्जा

## नगरपालिका की भूमिका सवालों के घेरे में योगी सरकार के बुलडोजर का नहीं है भूमाफिया को भय

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** योगी सरकार बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन खाली कराने का निर्देश दे रही है लेकिन उन्हीं के सरकार में दिनदहाड़े सरकारी जमीनों पर कब्जा हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी को कानो कान खबर नहीं लग रही है ताजा मामला मंझनपुर मुख्यालय के कोतवाली के सामने का है अपनी जमीन के एक हिस्से में मकान बनाने के बाद खतौनी में दर्ज सम्पूर्ण जमीन को बेचकर अवैध तरीके से एक शातिर ने सरकारी जमीन पर कब्जा की योजना बनाई थी लेकिन मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा जिस पर शातिर की चाल कामयाब नहीं हो सकी और अवैध तरीके से निर्माण किए जा रहे भवन को तत्कालीन अधिकारियों ने बुलडोजर लगाकर गिरवा दिया था बीते कई वर्षों से अवैध कब्जे का भवन खंडाहर हालत में मंझनपुर कोतवाली के सामने खड़ा था लेकिन समय बदला अधिकारी बदल गए और मंझनपुर कोतवाली के सामने टैक्सी स्टैंड के पास फिर भूमाफिया ने सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया है 3 दिन से लगातार भूमाफिया के लेबर मजदूर सरकारी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं लेकिन नगरपालिका मंझनपुर से लेकर तहसील प्रशासन तक सरकारी भूमि पर हो रहे कब्जे से बेखबर है।

बताते चलें कि नगर के अब्दुल कलाम की जितनी भूमि खतौनी में दर्ज थी उसके एक हिस्से की भूमि पर उन्होंने अपना घर बना लिया है लेकिन जिस जमीन पर उन्होंने घर बनाया है वह जमीन राजस्व अभिलेखों की खतौनी में उन्ही के नाम दर्ज है जिस पर उन्होंने अपने बनाए मकान को खतौनी में ना शामिल करते हुए कमर आलम आदि के नाम खतौनी की सम्पूर्ण भूमि बैनामा कर दिया अब्दुल कलाम आदि के घर बनाए जाने के बाद उनकी जमीन मौके पर नहीं बची थी उस पर उनका घर पूर्व से बना है जिसके चलते बगल में पड़े सरकारी जमीन पर कमर आलम आदि ने कब्जा करना शुरू कर दिया इस बात की शिकायत तत्कालीन अधिकारियों से हुई जिस पर मौके पर जमीन की कई बार नाप कराई गई मामला हेराफेरी का मिला जिस पर कमर आलम के कब्जे को तत्कालीन अधिकारियों ने रोक दिया अधिकारियों के उदारता के चलते कमर आलम आदि और अब्दुल कलाम आदि पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी नहीं की गई थी जिससे समय बदलते ही कमर आलम आदि ने फिर सरकारी जमीन पर बेखौफ होकर कब्जा शुरू कर दिया है मंझनपुर कोतवाली के सामने दिनदहाड़े अवैध कब्जा सरकारी भूमि पर हो रहा है लेकिन प्रशासन बेखबर है सूत्रों की माने तो नगर पालिका की सांठगांठ से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा शुरू हुआ है इस मामले में भी अधिशासी अधिकारी की भूमिका सवालों के घेरे में है सरकारी जमीन पर दिनदहाड़े अवैध तरीके से कब्जे के मामले में यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो कई अधिकारियों की भी संलिप्तता उजागर होगी लेकिन क्या सरकारी संपत्ति जमीन खाली कराने के लिए बुलडोजर चलाकर जमीन खाली कराने का निर्देश देने वाली योगी सरकार में अवैध तरीके से कब्जा की जा रही सरकारी भूमि खाली हो पाएगी या सब कुछ बयानबाजी तक सीमित रह जाएगा।

### रकसौली गांव के तालाब को कब्जा मुक्त कराने की मांग

#### बरसात के पूर्व कब्जा मुक्त नहीं हुआ तालाब तो जल निकासी की होगी समस्या

**पश्चिम शरीरा कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अँधावा गांव के मजरा रकसौली में तालाब की भूमि संख्या 723 में दर्जनों दबंगों ने कब्जा कर लिया है गांव के सुरेश सरोज कमलेश सरोज आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि रकसौली गांव के दर्जनों लोगों ने तालाब की भूमि पर कब्जा किया है जिसके चलते गांव में पानी का बहाव नहीं होता है और बरसात के पहले यदि तालाब की भूमि को दबंगों के कब्जे से खाली नहीं कराया गया तो बरसात के दिनों में पानी का बहाव रुक जाएगा और बरसात का पानी गांव में भर गया तो गांव के तमाम घरों में पानी घुस जाएगा जिससे गांव में दिक्कत हो जाएगी शिकायत कताओं ने तालाब की भूमि को दबंगों के कब्जे से खाली कराने की मांग की है।

# काली कमाई से अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों की है लम्बी फौज !

अखंड भारत संदेश

**सपा नेता के अलावा भी जिले में कई बालू माफिया शिक्षा माफिया अफीम माफिया भू माफिया गांजा माफियाओ ने अर्जित की हैं अवैध तरीके से अकूत संपत्ति**

**कौशाम्बी।** अनीति पूर्वक काले कारोबार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों की जिले में एक लंबी फौज है लेकिन एक सपा नेता की करोड़ों की संपत्ति पर 14 ए गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही करने के बाद प्रशासन की नजर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं पर नहीं पहुंच रही है प्रशासन का सूचना तंत्र भी कमजोर पड़ रहा है जिससे अनीति पूर्वक अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों की सूचनाएं समय रहते प्रशासन तक नहीं पहुंची है जिले में बालू के अवैध काले कारोबार से कई माफियाओं ने सैकड़ों करोड़ की संपत्ति अर्जित की है इतना ही नहीं अफीम और गांजा की तस्करी कर कई लोग करोड़ों के आलीशान बंगला लग्जरी कार और बेनामी संपत्ति अर्जित करने में कामयाब हुए हैं शिक्षा माफियाओं का भी जिले में बड़ा रैकेट है कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने शिक्षा को व्यवसाय बना कर करोड़ों की बेनामी संपत्ति अर्जित की है सरकारी जमीनों को बेचकर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले भू माफियाओं की भी जिले में लंबी फौज है लेकिन अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले इन माफियाओं पर थाना पुलिस से लेकर सूचना तंत्र की नजर नहीं पहुंच पा रही हैं या जानबूझकर अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों को बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं यह तो एक बड़ी जांच का विषय है लेकिन अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं को चिन्हित कर उन पर 14 ए गैंगेस्टर की कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कब होती है जिले की जनता इन बातों का इंतजार कर रही है। काले कारोबार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले कुछ माफियाओं ने सफेद चोला ओढ़ लिया है और वह जनप्रतिनिधियों की भीड़ में शामिल हो गए हैं जिसके चलते उन पर कार्यवाही करने का साहस प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है काले कारोबार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले सफेद चोला ओढ़े इन माफियाओं को चिन्हित किए जाने की जरूरत है लेकिन क्या सफेद चोला ओढ़े इन माफियाओं को चिन्हित कर 14 ए गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही योगी सरकार के तेजतर्रार अधिकारी कर पाएंगे या फिर सफेद चोला ओढ़े माफिया राजनैतिक दबाव के चलते बार बार बचते रहेंगे।

संपादकीय

# अमेरिका का गन कल्चर

**हाल** ही में अमेरिका के टेक्सास में एक स्कूल में हुई गोलीबारी में 19 बच्चों सहित 23 की मौत हो गई। यह शोक का विषय होने के साथ ही चिंतनीय विषय है। स्कूल के मासूम बच्चे गन कल्चर की भेंट चढ़ गए। इस गोलीबारी में स्कूल में मारे गए बच्चों और टीचर्स का आखिर क्या दोष था ? अमेरिका जैसे विकसित देश में यदि इस प्रकार की घटनाएं घटित होती हैं तो यह वहां के कर्णधारों पर सवालिया निशान खड़े करतीं हैं। घटना से अमेरिका की सरकार पूरी तरह से दहल गई है और इस घटना को आम व साधारण घटना नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि घटना को स्कूल के ही एक बच्चे द्वारा अंजाम दिया गया जिसका यह कहना था कि वह शांत और असामाजिक है। घटना के बाद अमेरिका में गन कल्चर के खिलाफ एकजुट होने की मांग उठ खड़ी हुई है। आज अमेरिका में कैंसर की बीमारी व रोड एक्सीडेंट में उतने लोग नहीं मारे जाते हैं जितने कि वहाँ निरंतर पनप रही बंदूक कल्चर के कारण लोग मारे जाते हैं। अमेरिका में बंदूक रखना शौक व शान की बात हो सकती है लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि इसका गलत उपयोग किया जाए। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में ऐसी घटना घटित हुई हो, कुछ समय पहले भी भी अमेरिकी में ऐसी ही भीषण गोलीबारी देखने को मिल चुकी है। इस घटना पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वो इस सबसे थक गये हैं, और अब उन्हें ऐसी घटनाओं पर एक्शन लेना होगा। हाल ही की गोलीबारी की घटना टेक्सास के उवाल्डे शहर में हुई है। वहां पर एक 18 वर्षीय शूटर ने रॉब प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को अपनी गोलियों का निशाना बनाया है। यह गंभीर व संवेदनशील है कि सिर्फ 18 वर्ष के एक लड़के को इतनी आसानी से बंदूक व बुलेट्स कैसे उपलब्ध हो गई ? हैरानी की बात है कि आरोपी शूटर ने दूसरी, तीसरी और चौथी क्लास में पढ़ने वाले मासूम बच्चों को अपनी गोली का निशाना बनाया है। बताता चलूँ कि वर्ष 2012 वाली घटना में भी 20 बच्चों को ऐसे ही मौत के घाट उतार दिया गया था। जानकारी देना उचित होगा कि 2012 सैंडी हुक प्राथमिक विद्यालय की शूटिंग के बाद यह सबसे घातक स्कूल शूटिंग है। वर्ष 2016 में टेक्सास के अल्पाइन स्कूल में भी इसी तरह की गोलीबारी हुई थी। इसमें एक स्कूली छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद 2018 में ऐसी ही वारदात हुई। यहां टेक्सास के सेंट फे स्कूल में 17 साल के हमलावर ने बच्चों पर गोली चला दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद पिछले साल 2021 में भी टिम्बरव्यू स्कूल में गोलीबारी हुई। हालांकि, किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इतना ही नहीं,कुछ दिनों पहले एक बंदूकधारी ने न्यूयार्क में एक सुपरमार्केट में गोलियां चलाई थी जिसमें 10 श्वेत दुकानदारों और श्रमिकों की मौत हो गई थी।टेक्सास के गवर्नर (राज्यपाल) ग्रेग एबाट ने इस घटना को टेक्सस के इतिहास में गोलीबारी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक बताया है। वास्तव में,इस तरह की सरेआम और वीभत्स गोलीबारी शायद ही कहीं दुनिया में होती होंगी। यदि यहाँ हम आंकड़ों की बात करें तो 'गन वायलेंस आर्काइव' की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अब तक 212 सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच सालों में स्कूलों में गोलीबारी की 100 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं इस साल अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी की 200 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# पानी की हर बूंद अमृत, नहीं सहेजा तो 'जल' जाएगा कल

**डॉ. सौरभ मालवीय**

> वर्षा जल अत्यंत उपयोगी है। अर्थवेद में भी इस विषय में कहा गया है- शिवा नः सन्तु वार्षिकीः। अर्थात वर्षा का जल कल्याणकारी है। ऋग्वेद के अनुसार- अप्स्वडन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये देवा भक्त वाजिनः। अर्थात अमृत के समान एवं गुणकारी जल का उचित उपयोग करने वाले बनो। जल की प्रशंसा के लिए सदैव तत्पर रहो। यह सर्वविदित है कि प्राचीनकाल में जल संरक्षण पर विशेष बल दिया जाता था

**मनुष्य** का शरीर पंचभूत से निर्मित है। पंचभूत में पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी सम्मिलित है। सभी प्राणियों के लिए जल आवश्यक है। सभी को जीवित रहने के लिए जल चाहिए। जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। जल के पश्चात मनुष्य को जीवित रहने के भोजन चाहिए। भोजन के लिए अन्न, फल एवं सब्जियां उगाने के लिए भी जल की ही आवश्यकता होती है। कृषकों को अपनी फसल की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। पर्याप्त वर्षा न होने पर उनकी फसल सूख जाती है। अधिकांश क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर वर्षा नाममात्र की ही होती है। जलवायु परिवर्तन एवं जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इस गिरते भू-जल स्तर के कारण सिंचाई जल संकट उत्पन्न हो गया है। इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में जल की आपूर्ति नहीं है अथवा जल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, वहां के निवासी भी पेयजल के लिए जूझते रहते हैं। सच्चाई यह है कि इस जल संकट के लिए मनुष्य स्वयं उत्तरदायी है। प्राचीन काल में लोग प्राकृतिक वस्तुओं का उतना ही उपयोग करते थे, जितनी उनकी आवश्यकता होती थी। भारतीय संस्कृति के अनुसार ईश्वर कण-कण में विद्यमान है। इसलिए प्रत्येक वस्तु में भगवान का वास माना जाता है। हमारी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति में जल को जीवन माना गया है- जलमेव जीवनम्।

ऋग्वेद में भी जल के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है- अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्।। अर्थात जल में अमृत है, जल में औषधि है। महाभारत में भी जल के महत्व का वर्णन करते हुए इसे सर्वोत्तम दान कहा गया है- अद्भिः सर्वाणि भूतानि जीवन्ति प्रभवन्ति च। तस्मात सर्वेषु दानेषु तयोदानं विशिष्यते।। अर्थात संसार के समस्त प्राणियों की उत्पत्ति जल से हुई है तथा इसी से वे जीवित रहते हैं। अतः सभी प्रकार के दानों में जल-दान सर्वोत्तम माना गया है। महाभारत में यह भी कहा गया है- पानीयं परमं लोके जीवानां जीवनं समृतम्। पानीयस्य प्रदानेन तृप्तिर्भवति पाण्डव। पानीयस्य गुणा दिव्याः परलोके गुणावहाः।। अर्थात जल से ही संसार के समस्त प्राणियों को जीवन प्राप्त होता है।



जल का दान करने से प्राणियों को तृप्ति प्राप्त होती है। जल में दिव्य गुण हैं, जो परलोक में भी लाभ प्रदान करते हैं। विष्णु पुराण में जल-चक्र का वर्णन किया गया है कि किस प्रकार वह वाष्प बनता है तथा वर्षा के रूप में भूमि को तृप्त करता है। इसी जल से कृषि होती है अर्थात अन्न उत्पन्न होता है- विवस्वानर्ष्टाभमासैरादायापां रसात्मिकाः। वर्षत्युम्बु ततश्चान्नमन्नादर्प्याखिल जगत। अर्थात सूर्य आठ मास तक अपनी किरणों से रस स्वरूप जल को ग्रहण करता है। तत्पश्चात चार मास में उसे वर्षा के माध्यम से बरसा देता है। इससे अन्न उत्पन्न होता है, जिससे संपूर्ण जगत का पोषण होता है।

वर्षा जल अत्यंत उपयोगी है। अर्थवेद में भी इस विषय में कहा गया है- शिवा नः सन्तु वार्षिकीः। अर्थात वर्षा का जल कल्याणकारी है। ऋग्वेद के अनुसार- अप्स्वडन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये देवा भक्त वाजिनः। अर्थात अमृत के समान एवं गुणकारी जल का उचित उपयोग करने वाले बनो। जल की प्रशंसा के लिए सदैव तत्पर रहो। यह सर्वविदित है कि प्राचीनकाल में जल संरक्षण पर विशेष बल दिया जाता था। तालाब बनाए जाते थे एवं कुआं खोदे जाते थे। वर्षा का जल तालाबों आदि में एकत्रित हो जाता था। इन तालाबों से मनुष्य ही नहीं, जीव-जंतु भी लाभान्वित होते थे। कालांतर में प्राकृतिक एवं मनुष्य निर्मित जल स्त्रोत समाप्त होते जा रहे हैं। ऋग्वेद में जल संरक्षण के विषय में यह भी कहा गया है- आपो अस्मान्मातरः शुन्ध्यन्तु घृतेन नो घृत्प्वः पुनन्तु। अर्थात जल हमारी माता के समान है। जल घृत के समान हमें शक्तिशाली एवं उत्तम बनाता है। इस प्रकार का जल जहां कहीं भी हो, उसका संरक्षण करना चाहिए। जल संकट के लिए प्रदूषण भी उत्तरदायी है, क्योंकि प्रदूषण के कारण जल अनुपयोगी हो जाता है। वह पीने योग्य नहीं रहता। अतः हमें जल को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए। यजुर्वेद में भी जल संरक्षण पर बल दिया गया है- मा आपो हिंसी। अर्थात जल को नष्ट मत करो। देश में नदियों की का अभाव नहीं है, परन्तु प्रदूषण के कारण उनका जल पीने योग्य नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कारखानों से निकलने वाले घातक रसायनों एवं सीवर की गंदगी के कारण नदियों का पानी विषैला हो गया है। भारतीय संस्क?ति में गंगा को पवित्र नदी माना जाता है। इसे मोक्षदायिनी भी कहा जाता है।दुख की बात यह है कि सबके पाप धोने वाली यह पवित्र नदी दिन-प्रतिदिन प्रदूषित होती जा रही है। इस नदी को साफ करने के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर प्रयास होते रहते हैं पर स्थिति में बदलाव नहीं हो रहा। भारतीय संस्कृति में जल को देवता माना गया है। अतः विभिन्न मांगलिक अवसरों पर जल की पूजा की जाती है। संतान प्राप्ति के बाद कुआं पूजन किया जाता है। महानगरों में अब कुएं नहीं हैं। अतः महानगरों से यह परम्परा भी समाप्त हो रही है। गांवों में अभी कुआं पूजन की परम्परा जीवित है।

भारतीय संस्कृति में नदियों को देवी स्वरूप माना गया है। नदियों के तट पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है, क्योंकि यहां गंगा, यमुना और सरस्वती का अद्भुत संगम होता है। खगोल गणनाके अनुसार कुंभ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारम्भ होता है। उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं। इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु अमृत से भरा कुंभ लेकर जा रहे थे कि असुरों ने आक्रमण कर दिया। अमृत प्राप्ति के लिए देव एवं दानवों में परस्पर 12 दिन तक निरंतर युद्ध हुआ। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के समान होते हैं। इसलिए कुंभ भी बारह होते हैं। इनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं तथा शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं। देव एवं दानवों के इस संघर्ष के दौरान अमृत की चार बूंदें गिर गईं। ये बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक तथा उज्जैन में गिरीं, जहां पर तीर्थस्थान बना दिए गए। तीर्थ उस स्थान को कहा जाता है जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार जहां अमृत की बूंदें गिरीं, उन स्थानों पर तीन-तीन वर्ष के अंतराल पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इन तीर्थों में प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है। इसके अतिरिक कालिंदी, कावेरी, रामगंगा, कोसी, गगास, कृष्णा, गोदावरी, गंडक, घाघरा, चम्बल, चेनाब, झेलम, दामोदर, नर्मदा, ताप्ती, बेतवा, पद्मा, फल्गू, बागमती, ब्रह्मपुत्र, भागीरथी, महानदी, महानंदा, रावी, व्यास, सतलुज, सरयू, सिन्धु नदी, सुवर्णरेखा, हुगली, गोमती, माही आदि नदियों में भी श्रद्धालु स्नान करते हैं। छठ के अवसर पर नदियों के तटों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है। नदी, तालाब एवं कुएं आदि अथाह जल के स्त्रोत हैं। ये अमूल्य हैं। हमें इनका संरक्षण करना चाहिए। यदि वर्षा के जल को तालाबों आदि में एकत्रित किया जाए तो जल संकट से उबरा जा सकता है।

**( लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कुशल व्यक्ति एवं राष्ट्र-शिल्पी थे वीर सावरकर

**ललित गर्ग**

**अखण्ड** भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता विनायक दामोदर सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चचाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, महान देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता, इतिहासकार, एक बहुत निराले साहित्यकार-कवि और सशक्त हिन्दुत्व के पुरोधा श्री सावरकर की जयंती और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है। उन्होंने अनेक विपरीत एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक भारत और मजबूत भारत की कल्पना की थी, जिसे साकार करने का संकल्प आज हर भारतीय के मन में है। वीर सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले के ग्राम भगूर में 28 मई 1883 में हुआ था। वह अपने माता पिता की चार संतानों में से एक थे। उनके पिता का नाम दामोदर पंत सावरकर था, जो गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में जाने जाते थे, वे अंग्रेजी के अच्छे जानकार थे। लेकिन उन्होंने अपने बच्चों को अंग्रेजी के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के अनुकरणीय प्रसंगों, रामायण, महाभारत, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी आदि महापुरूषो के प्रसंग भी सुनाया करते थे। सावरकर का बचपन भी इन्हीं बौद्धिकता के साथ-साथ स्व-संस्कृति के वातावरण में बीता। सावरकर अल्प आयु से ही निर्भीक होने के साथ-साथ बौद्धिक रूप से भी संपन्न थे। उनकी माता का नाम राधाबाई था। जब विनायक 9 साल के थे, तब ही उनकी माता का देहांत हो गया था। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। बचपन में उन्होंने कुछ कविताएं भी लिखी थीं। उन्होंने शिवाजी हाईस्कूल, नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की।

वीर सावरकर के मन में बचपन में ही अखण्ड भारत, स्वतंत्र भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने का जज्बा जग गया था। आजादी के लिए काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो ह्यमित्र मेलाह्व के नाम से जानी गई। 1905 के बंग-भंग के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। फर्ग्युसन कॉलेज, पुणे में पढ़ने के दौरान भी वे राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। तिलक की अनुशंसा पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली। इंडियन सोसियोलॉजिस्ट और तलवार में उन्होंने अनेक लेख लिखे, जो बाद में कोलकाता के युगांतर में भी छपे। वे रूसी क्रांतिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे। लंदन में रहने के दौरान सावरकर की मुलाकात लाला हरदयाल से हुई। लंदन में वे इंडिया हाउस की देखरेख भी करते थे। मदनलाल धींगरा को फांसी दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में भी एक लेख लिखा था। उन्होंने धींगरा के लिखित बयान के पर्चे भी बांटे थे। वीर सावरकर जैसे बहुत कम क्रांतिकारी एवं देशभक्त होते हैं जिनके तन में जितनी ज्वाला हो उतना ही उफान मन में भी हो। उनकी कलम में चिंगारी थी, उसके कार्यों में भी क्रांति की अग्नि धधकती थी। वीर सावरकर ऐसे महान सपूत थे जिनकी कविताएं एवं विचार भी क्रांति मचाते थे और वह स्वयं भी महान क्रांतिकारी थे। उनमें तेज भी था, तप भी था और त्याग भी था। वीर सावरकर हमेशा से जात-पात से मुक्त होकर कार्य करते थे। राष्ट्रीय एकता और समरसता उनमें कूट कूट कर भरी हुई थी। रत्नागिरी आंदोलन के समय उन्होंने जातिगत भेदभाव मिटाने का जो कार्य किया वह अनुकरणीय था। वहां उन्होंने दलितों को मंदिरों में प्रवेश के लिए सराहनीय अभियान चलाया। महात्मा गांधी ने तब खुले मंच से सावरकर की इस मुहिम की प्रशंसा की थी, भले ही आजादी के माध्यमों के बारे में गांधीजी और सावरकर का नजरिया अलग-अलग था। वीर सावरकर ने 1909 में लिखी अपनी पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-1857 में इस लड़ाई को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आजादी की पहली लड़ाई घोषित किया। वीर सावरकर 1911 से 1921 तक अंडमान जेल में रहे। 1921 में वे स्वदेश लौटे और फिर 3 साल जेल भोगी। जेल में हिन्दुत्व पर शोध ग्रंथ लिखा। 1937 में वे हिन्दू महासभा के अध्यक्ष चुने गए। 1943 के बाद वे दादर, मुंबई में रहे। 9 अक्टूबर 1942 को भारत की स्वतंत्रता के लिए चर्चिल को समुद्री तार भेजा और आजीवन अखंड भारत के पक्षधर रहे। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के एकांत कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएं लिखीं और फिर उन्हें याद किया। इस प्रकार याद की हुई 10 हजार पंक्तियों को उन्होंने जेल से छूटने के बाद पुनः लिखा।

चिंतन

# विश्व शांति की परिकल्पना’

**संजीव ठाकुर**

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है’ भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है’ भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है’ आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा’ वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है’ आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है।

# भारत में ड्रोन क्रांति की दस्तक - भविष्य का ड्रोना-चार्य भारत!!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर आधुनिक तकनीकी के युग में एक ऐसा दौर चल पड़ा है कि हर क्षेत्र में, हर कार्य मानव संपर्क से हटाकर प्रौद्योगिकी संपर्क हो चुका है। कुछ देशों में तो चलते फिरते मानव तक बना दिए गए हैं जिसे रोबोट का नाम दिया गया है, वह लगभग हर मानवीय कार्य रिमोट के सहारे करते हैं बस फर्क इतना है कि उनमें मानवीय कुदरती जान नहीं है सृष्टिगत मानवीय जान का रिमोट ऊपर वाले के हाथ में है और इन रोबोट का रिमोट कुशाग्र बुद्धि के मालिक तकनीकीज्ञ के पास है। साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा दिनांक 27 मई 2022 को प्रगति मैदान दिल्ली में शुरू भारत ड्रोन महोत्सव 2022 के उद्घाटन की करें तो मेरा मानना है कि यह महोत्सव भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र का बहुत बड़ा उत्सव है जहां ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत में उत्साह देखने को मिल रहा है और उपस्थित इंजीनियरों, तकनीकीज्ञों, किसानों में जो उत्साह दिख रहा है अद्वितीय है!! ऐसी ऊर्जा नजर आ रही है कि यह उत्सव ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब हो!! भारत एक कृषि और गांव प्रधान देश है जहां वर्तमान परिस्थितियों को रेखांकित करते हुए ड्रोनतकनीकी का विस्तृत स्तर तक प्रोत्साहित कर मानवीय जीवन को सुचारू रूप से सुशासन के माध्यम से एक स्मार्ट टूल दिया गया है जो आम लोगों के जीवन का हिस्सा बनने जा रहा है!! साथियों बात अगर हम दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 2022 की करें तो एक जमाना था जब कंप्यूटर क्रांति की ऐसी दस्तक हुई थी और आज बिना कंप्यूटर के मानवीय जीवन ही कठिन महसूस होता है अब उसके दो कदम आगे आज से भारत में ड्रोन क्रांति की दस्तक हुई है अब भविष्य का ड्रोना-चार्य भारत बनने जा रहा है!! अब ड्रोन टैक्सी रिक्शा सहित अनेक साधनों, संसाधनों का पर्याय ड्रोन की मदद होगी याने पीएम ने अपने संबोधन में 2030 तक भारत को ड्रोन हब बनाने की बात कही है ऐसा मीडिया में बताया गया है। आज किसान भी ड्रोन का प्रयोग खेती में कर रहे हैं। उन्होंने कहा इसकी मदद से देश भर में विकास कार्यों का निरीक्षण करा जा रहा है। देश भर में विकास कार्यों का ड्रोन की मदद से औचकर निरीक्षण हो रहा हैं। दो दिवसीय इस महोत्सव में सरकारी अधिकारियों, विदेशी राजनयिकों, सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी कंपनियों और ड्रोन स्टार्टअप आदि सहित 1600 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा भारतीय ड्रोन महोत्सव 2022 में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वो अद्भुत है। ये जो ऊर्जा नजर आ रही है, वो भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। ये भारत में रोजगार जेनरेशन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। आज भारत, स्टार्ट अप पावर के दम पर दुनिया में ड्रोन टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा एक्सपर्ट बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन टेक्नोलॉजी कैसे एक बड़ी क्रांति का आधार बन रही है, इसका एक उदाहरण पीएम स्वामित्व योजना भी है। इस योजना के तहत पहली बार देश के गांवों की हर प्रॉपर्टी की डिजिटल मैपिंग की जा रही है, डिजिटल प्रॉपर्टी कार्ड लोगों को दिए जा रहे हैं। इसमें मानवीय संपर्क कम हुआ है, और भेदभाव की गुंजाइश खत्म हुई है। इसमें बड़ी भूमिका ड्रोन की रही है। थोड़ी देर पहले मुझे भी स्वामित्व ड्रोन उड़ाने का, उसकी टेक्नोलॉजी समझने का अवसर मिला है। थोड़ी देर उसके कारण भी हो गई। मुझे खुशी है कि ड्रोन की मदद से अभी तक देश में लगभग 65 लाख प्रॉपर्टी कार्ड जेनरेट हो चुके हैं। और जिसको ये कार्ड मिल गया है, उसको संतोष है कि हां मेरे पास मेरी जितनी जमीन है, मेरे पास सही डिटेल मिल गई है।

पूरे संतोष के साथ उन्होंने इस बात को कहा है। वरना हमारे यहां अगर छोटी सी जगह की नाप-नपाई भी होती है, तो उसमें सहमति बनाने के लिए सालों-साल लग जाते हैं। पीएम ने रक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि, पर्यटन, फिल्म और मनोरंजन के क्षेत्र में ड्रोन प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कब जाने कौनसा गेयर बदलना पड़ जाए

**डॉ. सुरेश कुमार**

कन्वर्टर मतलब बदलने वाला। बदलना भी दो तरीकों से होता है। पहला या तो छोटी रेखा के आगे बड़ी रेखा खींच दो। या फिर बड़ी रेखा को इतना मिटा दो कि वह छोटी रेखा से भी छोटी दिखने लगे। पहले वाले तरीके में सृजन करना पड़ाता है जो कि बड़ी मेहनत का काम है। दूसरे तरीके में मिटाना पड़ता है। जो कि बड़ा आसान है। पहले हमारे साधु जन अपने गेरुवाई चोले में अपनी गुरुवाई रखते थे। आज के साधु ऊपर से गेरुवाई और अंदर से अलग-अलग दल बदलने के गेयर रखते हैं ऊ. कब जाने कौनसा गेयर बदलना पड़ जाए। पहले के गुरु कन्वर्टर का काम करते थे। शैतान को इंसान बनाने में जीवन खपा देते थे। आज के गुरु इन्वर्टर की तरह है। शैतान बन चुके समाज कहीं इंसान न घुस आए इसके लिए आए दिन कुछ न कुछ अजीबोगरीब प्रवाच का उवाच अबाध रूप से उंडेलते रहते हैं। चंचलता मन का लक्षण है। इसलिए मन की बात चंचलता की पराकाष्ठा होती है। आज के युग में यंत्रों का इस्तेमाल अधिक हो रहा है, चूंकि इसमें मन नहीं होता इसलिए यह मन की बात छोड़ सभी काम करता है। या यूँ कहें कि यह सिर्फ और सिर्फ काम करता है। इसे कहते हैं बदलाव। इसी तरह का एक बदलाव हमारे गोबर गणेश ने कर दिखाया। उनके पेट में गजब की गैस भरी रहती है। जब चाहा जैसे चाहा फलां को सुंघा दी। यदि कोई उनसे उनके गैस रिसाव के बारे में कुछ कह देता तो वे झाड़ने लगते झ पेट में गैस रहने और रखने में बड़ा फर्क है। रहना मजबूरी है, जबकि रखना व्यापार। एक आदमी कितनी गैस बना पाएगा ये इस बात पर डिपेंड करता है कि उसे किस बात पर कितनी गैस बनती है। आम आदमी खुद इतना हल्का होता है कि उसमें और गैस में कोई फर्क ही नहीं रहता। एक फुर्सतिया जिसकी न्यूज चैनलों पर धार्मिक डिबेट देखकर गैस बनती है उसका सिलेंडर एक घंटे में भर जाता है। जिनको क्रिकेट मैच देखकर सट्टा लगाने से गैस बनती है उनका सिलेंडर भी मैच वाले दिन ही भर जाता है।

## भारत के मुरली श्रीशंकर ने यूनान में लंबी कूद में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने यूनान में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक खेल चुके श्रीशंकर के नाम 8.36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8.27 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला। सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल सके। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाई।' ओलंपिक के बाद से पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे श्रीशंकर ने कल अभ्यास में 7.88 और 7.71 मीटर की कूद लगाई थी। केरल के इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की कूद लगाई थी। उन्होंने कोझिकोड में फेडरेशन कप में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।



## मिश्रित युगल के दूसरे राउंड में पहुंची सानिया-इवान की जोड़ी

**पेरिस।** अपने टेनिस करियर का आखिरी फ्रेंच ओपन खेल रहीं सानिया मिर्जा ने मिश्रित युगल मैच के पहले राउंड में जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की है। भारत की सानिया मिर्जा ने बुधवार को हुए मुकाबले में अपने साथी क्रोएशिया के इवान डोडिग के साथ मिलकर जर्मनी की लॉरा सिगमंड और मेक्सिको के सैंटियागो



गोंजालेज के खिलाफ 7-6(4), 6-2 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सानिया-इवान की जोड़ी फ्रेंच ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गई है। महेश भूपति के साथ 2012 में रौलां गैरो जीतने वाली सानिया इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में आख़िरी बार खेल रही हैं। उन्होंने इस टेनिस सीजन के बाद सन्यास लेने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि भारत की टेनिस स्टार 26 मई को अपनी चेकोस्लोवाकिया की साथी लुसी ह्राडेका के साथ पहले राउंड में इटली की जासमीन पाओलिनी और मार्टिना ट्रेविसान का सामना करेंगी।

## फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में पहुंची बोपन्ना-मिडलकूप की जोड़ी

**पेरिस** । भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड के उनके साथी माटवे मिडलकूप ने कजाकस्तान के आंद्रे गोलुबेव और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन को हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में



प्रवेश किया। बोपन्ना-मिडलकूप की जोड़ी ने गोलुबेव-मार्टिन की जोड़ी को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में हराया। इससे पहले बोपन्ना और मिडलकूप की 16 सीड जोड़ी ने मंगलवार को एक घंटा दो मिनट चले मुकाबले में ग्येमार्ड वेयनबर्ग और लुका वैन स्चे को 6-4, 6-1 के सीधे सेटों में मात दी थी।

# फाइनल मैच में डिंग लिरेन से हारे प्रज्ञानानंद, दो गलतियों की वजह से गंवाया खिताब जीतने का मौका

**नई दिल्ली।** चेसबेल मार्स्टस 2022 के फाइनल मैच में भारत के आर प्रज्ञानानंद को हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन के खिलाफ दो गलतियां की और फाइनल मैच जीतने का मौका गंवा दिया। हालांकि, हार के बावजूद प्रज्ञानानंद ने अपने प्रदर्शन से शतरंज जगत में सनसनी मचा दी है। 16 साल के इस खिलाड़ी ने साबित किया है कि वो आने वाले कई सालों तक चेस जगत में राज करने वाले हैं। विश्व चेस रैंकिंग में 108वें नंबर पर मौजूद प्रज्ञानानंद ने इस टूर्नामेंट में टॉप 10 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। अब उन्हें पूरी दुनिया में नए विश्व चैंपियन के रूप में देखा जा रहा है।

फाइनल मैच में प्रज्ञानानंद के विपक्षी डिंग लिरेन ने भी उनकी तारीफ की है।



वहीं कमेंटेटर डेविड हॉवेल ने कहा कि उनके पास प्रज्ञानानंद की तारीफ के लिए कोई शब्द नहीं है। इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में प्रज्ञानानंद शुरुआत में पिछड़ गए थे, लेकिन बाद में शानदार वापसी की और मैच बराबरी पर ला दिया। इसके बाद टाईब्रेक में विजेता का फैसला हुआ, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

**टूर्नामेंट में कैसा रहा प्रज्ञानानंद का सफर**

इस टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंद की शुरुआत कुछ खास नहीं थी, लेकिन बाद में उन्होंने बेहतरीन वापसी की और विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को मात दी। तीन महीने में यह दूसरा मौका था, जब उन्होंने कार्लसन को हराया था। इसके बाद उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ और वो नॉकआउट में जगह बनाने में कामयाब रहे। यहां, उन्होंने सेमीफाइनल में विश्व नंबर 10 नीदरलैंड के अनीश गिरी को टाईब्रेकर में 3.5-2.5 परास्त कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

**रात दो बजे जीते कहा सुबह पौने नौ बजे स्कूल जाना है**

बुधवार की देर रात सेमीफाइनल मुकाबले का परिणाम आया था। इस पर प्रगनाननंदा ने कहा था कि उन्हें पौने नौ बजे सुबह स्कूल पहुंचना है और इस वक्त रात के दो बज चुके हैं।

वहीं उनके कोच ग्रैंड मास्टर आरबी रमेश ने अपने शिष्य को फाइनल में पहुंचने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि, उन्हें तुम पर नाज है।

पहले खराब स्कोर होने के बावजूद कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराने की उनकी योग्यता शानदार है। प्रगनाननंदा इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे हैं। इससे पहले उन्होंने प्रारंभिक दौर में मैग्नस कार्लसन को मात दी थी, जहां वे चौथे स्थान पर रहे थे। इस टूर्नामेंट में दो अन्य भारतीय पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती भी खेले, लेकिन वे प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सके।

## भारत के मुरली श्रीशंकर ने ग्रीस में लंबी कूद में जीता स्वर्ण, 8.31 मीटर की स्वर्णिम छलांग लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के एथलीट धीरे-धीरे पूरी दुनिया में अपना दम दिखाने लगे हैं। पिछले साल जेवलिन थ्रो स्पर्धा में एथलीट नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया था। अब यूनान में चल रही 12वीं अंतरराष्ट्रीय लंबी कूद स्पर्धा में भारत के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने सोना जीतकर नया इतिहास रचा है। मुरली ने इंटरनेशनल जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक खेल चुके श्रीशंकर के नाम 8.36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8.27 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला। सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल सके।

**टोक्यो ओलंपिक में नहीं कर पाए थे कमाल**




ओलंपिक के बाद से पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे मुरली ने अभ्यास में 7.88 और 7.71 मीटर की कूद लगाई थी। केरल के इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की कूद लगाई थी। उन्होंने कोझिकोड में फेडरेशन कप में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। 23 साल के मुरली टोक्यो में कोई बड़ा कमाल नहीं कर पाए थे। 7.69 मीटर की बेस्ट जंप के साथ वे संयुक्त रूप से 24वें नंबर पर रहे थे। फाइनल के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सके थे।

## भारत ने इंडोनेशिया को 16-0 से रौंदा, पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर फोर में पहुंची टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ 16-0 की एकतरफा जीत हासिल की और नॉकआउट स्टेज में पहुंचने में सफल रही। खेले गए पुल ए के इस मुकाबले में भारतीय टीम शुरू से ही इंडोनेशिया के ऊपर हावी रही और लगातार गोल करती रही।

भारत ने शुरू के दो क्वॉर्टर में 6-0 की बढ़त ली और इसके बाद अगले दो क्वॉर्टर में उसने बाकी के 10 गोल दागे। भारत की तरफ से दीपसन टिर्की ने पांच गोल दागे तो वहीं सुदेव ने भी हैट्रिक लगाई।

इससे पहले पाकिस्तान को जापान के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद नियम के मुताबिक भारत को अगले दौर में पहुंचने के लिए



इंडोनेशिया के खिलाफ 15-0 से जीत दर्ज करनी थी। भारत ने भी ऐसा ही किया और एक गोल अधिक करते हुए 16-0 से बाजी मारी। सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारत ने टूर्नामेंट में युवा टीम उतारी है जिसमें बीरेंद्र लाकड़ा और एस वी सुनील जैसे दो दिग्गज संन्यास का फैसला वापस लेकर लौटे थे। दोनों मैचों में हालांकि ये दोनों खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। भारत ने पहले मैच में आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद जापान ने भारत को 5-2 से हराया। वहीं पाकिस्तान को भी जापान के हाथों 2-3 से हार मिली। भारत और पाकिस्तान दोनों के चार-चार अंक थे, ऐसे में पाकिस्तान से गोल अंतर के आधार पर अगले दौर में जाने के लिए 15-0 से जीत दर्ज करने की जरूरत थी और टीम इंडिया ने इसे हासिल कर लिया।

## टीम इंडिया में वापसी के बाद पेरिस में परिवार संग छुट्टियां मना रहे चेतेश्वर पुजारा

**पेरिस।** काउंटी क्रिकेट में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा इन दिनों अपने परिवार के साथ पेरिस में छुट्टियां मना रहे हैं। पुजारा को काउंटी क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार मिला है। इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम में पुजारा वापसी करने में सफल रहे हैं। ससेक्स काउंटी क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने चार मैचों में दो शतक और दो दोहरे शतक लगाए थे। काउंटी क्रिकेट खत्म होने के बाद पुजारा अपनी पत्नी पूजा और बेटी अदिति संग छुट्टियां मनाने इन दिनों पेरिस पहुंचे हुए हैं। चेतेश्वर पुजारा ने देश के अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर अपने परिवार संग एक के बाद एक बेहद दिलचस्प तस्वीरें साझा की हैं। वे कभी एम्स्टडर्म की नहरों की लहरों में नाव में बैठे नजर आ रहे हैं, तो कभी एफिल टॉवर की सरज़मीं पर दिखाई दे रहे हैं।इस वर्ष फरवरी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में अनसोल्ड रहना चेतेश्वर पुजारा के लिए वरदान साबित हुआ है। एक ओर भारत में आईपीएल 2022 चल रहा था, दूसरी ओर चेतेश्वर पुजारा ससेक्स के लिए रनों की झड़ी लगाने में जुटे थे। चेतेश्वर के इस बेहद सफल काउंटी सीजऩ ने उन्हें जुलाई में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ के एकमात्र बचे पांचवें मैच के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने में मदद की है। इंग्लैंड जाने से पहले, चेतेश्वर पुजारा को मार्च में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली थी। चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर जैसे युवा खिलाड़ियों को अधिक मौके देने का फैसला किया था। लेकिन कहते हैं न कि जो होता है, अच्छे के लिए ही होता है।



## भारत एएफसी अंडर-17, अंडर-20 एशिया कप क्वालीफायर के ग्रुप डी और एच में

**पेरिस।** काउंटी क्रिकेट में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा इन दिनों अपने परिवार के साथ पेरिस में छुट्टियां मना रहे हैं। पुजारा को काउंटी क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार मिला है। इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम में पुजारा वापसी करने में सफल रहे हैं। ससेक्स काउंटी क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने चार मैचों में दो शतक और दो दोहरे शतक लगाए थे। काउंटी क्रिकेट खत्म होने के बाद पुजारा अपनी पत्नी पूजा और बेटी अदिति संग छुट्टियां मनाने इन दिनों पेरिस पहुंचे हुए हैं। चेतेश्वर पुजारा ने देश के अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर अपने परिवार संग एक के बाद एक बेहद दिलचस्प तस्वीरें साझा की हैं।

## फ्रेंच ओपन 2022: राफेल नडाल 300वीं ग्रैंडस्लैम जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंचे, मेदवेदेव और कार्लोस अल्कारेज भी दूसरे दौर में जीते

**परिस।** स्पेन के राफेल नडाल ने ग्रैंडस्लैम इतिहास में अपनी 300वीं जीत के साथ यहां फ्रेंच ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। दूसरे दौर में उन्होंने फ्रांस के कोरेंटिन मोटेट को सीधे सेटों में 6-3, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रूस के दानिल मेदवेदेव और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज भी तीसरे दौर में पहुंच गए।

रोला गैरो में अपने 14वें खिताब का लक्ष्य लेकर चल रहे 35 साल के नडाल ने 23 साल के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी फिटनेस भी साबित की। पिछले दिनों वह पांव व पसली की चोट को लेकर परेशान थे। नडाल का सामना अब नीदरलैंड के बोटिक वेन डे जेंडस्क्लप से होगा जिन्हें फोगनिनी के खिलाफ तीसरे सेट में वाकओवर मिल गया जब स्कोर 6-4, 7-6, 3-2 था। मेदवेदेव ने दूसरे दौर में सर्बिया के लासलो डियरे को दो घंटे 35 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-4, 6-3 से हराया।

**अल्कारेज ने बचाया मैच प्वाइंट**



नए सितारे स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने हमवतन अल्बर्ट रामोस विनोलस को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में 6-1, 6-7(7-9), 5-7, 7-6, 6-4 से हराया। पहला सेट जीतने के बाद उन्होंने लगातार दो सेट गंवाए। एक मैच प्वाइंट भी बचाया। 19 साल के अल्कारेज ने पिछले हफ्ते मैड्रिड ओपन में दुनिया के नंबर एक जोकोविच और नडाल दोनों को हराया था। उन्हें खिताब के दावेदारों में शामिल किया जा रहा है। इससे पहले दुनिया के नंबर एक सर्बिया के नोवाक जोकोविच और ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के अलेक्जेंडर भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में पहुंच गए।

**प्लिसकोवा को दुनिया की 227वीं नंबर की जेनजीन ने हराया**

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता की कैरोलिना प्लिसकोवा को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें दुनिया की 227वीं नंबर की फ्रांस की लियोलिया जेनजीन ने 6-2, 6-2 से हरा दिया। जेनजीन को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी प्लिसकोवा पिछले साल विंबलडन के फाइनल में पहुंचीं थी। प्लिसकोवा से पहले दूसरी वरीय बारबोरा क्रैजिकोवा, पांचवीं वरीय एनेट कोंटावेट, ओंस जैबुर (06)और गबाईन मुगुरुजा (10) भी उलटफेर का शिकार हो चुकी हैं। चौथी वरीय मारिया सकारी और 12वीं वरीयता की एमा रादूकानु भी हार का सामना कर चुकी हैं।

12 : शीर्ष वरीय महिला खिलाड़ियों में से सात हारकर बाहर हो चुकी हैं।

## लिवरपूल के खिलाफ फाइनल के लिए रियाल मैड्रिड की टीम घोषित, ईडन हेजार्ड और गैरेथ बेल का नाम शामिल

**नई दिल्ली।** चैंपियंस लीग फाइनल से दो दिन पहले रियाल मैड्रिड ने फाइनल मैच के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बेल्जियम के ईडन हेजार्ड और वेल्स के गैरेथ बेल को पेरिस जाने वाली टीम में शामिल किया गया है। चैंपियंस लीग का फाइनल मैच पेरिस में खेला जाएगा। लिवरपूल और रियाल मैड्रिड की टीम 2018 के बाद फाइनल में आमने-सामने होंगी। तब रियाल ने 3-1 से मैच अपने नाम किया था।

रियाल मैड्रिड की टीम पेरिस पहुंचेगी। वहीं, लिवरपूल के खिलाड़ी शुक्रवार को जाएंगे। लिवरपूल के मैनेजर जॉर्गन क्लोप जल्द ही 26 सदस्यीय दल की घोषणा करेंगे। हेजार्ड और बेल इस सीजन में चोट के कारण लंबे समय तक नहीं खेल पाए हैं। कार्लो एन्सेलोटी क्लब के मैनेजर बनने के बाद दोनों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बेल इस सीजन में सात बार रियाल के लिए खेले हैं। आखिरी बार उन्हें नौ अप्रैल को




मैदान पर उतरने का मौका मिला था। यह मैच रियाल के साथ उनका आखिरी मुकाबला साबित हो सकता है। उनका कॉन्ट्रैक्ट एक जुलाई को समाप्त हो रहा है। क्लब के कप्तान मार्सेलो और इस्को की विदाई इसी सीजन के बाद हो सकती है। दोनों का यह मैच हो सकता है। इन दोनों के अलावा दानी सेबालोस, जेसुस वलेजो, लुका जोविच और मरियानो डियाज भी क्लब से अलग हो सकते हैं।

स्टार खिलाड़ियों से सजी रियाल मैड्रिड की टीम शुरुआती इलेवन में ज्यादा बदलाव नहीं करेगी। थिबो कोर्त्वा गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में इडेर मिलिताओ, फेरलैंड मेंडी और दानी कार्वाहल के साथ डेविड अल्बा दिखाई दे सकते हैं। अल्बा की फिटनेस पर अभी सवालिया निशान लगे हुए हैं। अगर वो फिट होते हैं तो जरूर खेलेंगे। मिडफील्डर की बात करें तो लुका मौद्रिच और टोनी क्रूज पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। स्ट्राइकर करीम बेंजिमा को विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो का साथ मिल सकता है।

**रियाल मैड्रिड की टीम:**

गोलकीपः थिबो कोर्त्वा, एंड्री ल्यूनिन, टोनी फुईडियाज रिबेरा।

डिफेंडरः डेविड अल्बा, इडेर मिलिताओ, नाचो, दानी कार्वाहल, फेरलैंड मेंडी, मार्सेलो, जेसुस वलेजो।

मिडफील्डरः टोनी क्रूज, लुका मौद्रिच, कासेमीरो, फेड्रिको वेलवर्दे, एडुआर्डो कामाविंगा, लुकस वास्केज, दानी सेबालोस, इस्को।

फॉरवर्डः करीम बेंजेमा, विनिसियस जूनियर, रोड्रिगो, गैरेथ बेल, ईडन हेजार्ड, मार्को असेंसियो, लुका जोविच, मरियानो डियाज।

## फुटबॉलर रोनाल्डो की प्रेमिकाजॉर्जिना रोड्रिग्ज कांस फिल्म फेस्टिवल में दिखाया ग्लैमरस लुक

**परिस।** बीते दिनों दर्दनाक हादसे में नवजात बेटे को गंवाने वाली प्रसिद्ध फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की प्रेमिका जॉर्जिना रोड्रिग्ज एक बार फिर से नॉर्मल जिंदगी की ओर मुड़ती दिख रही है। जॉर्जिना ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर की है जिसमें वह कांस फिल्म फेस्टिवल का लुत्फ लेते हुए दिख रही है। मशहूर कांस फिल्म फेस्टिवल में दुनिया भर की सेलिब्रिटिज पहुंचती है। यहां जॉर्जिना सिल्वर कलर की ड्रैस पहनकर पहुंची। उनका ग्लैमरस अंदाज हर किसी को प्रभावित कर रहा था। जॉर्जिना ने बीते दिन ही अपने प्राइवेट जेट के सामने कांस फिल्म फेस्टिवल के लिए जाने जाते आकर्षक



पोज दिए थे। जॉर्जिना के इस ग्लैमरस अंदाज को 40 लाख से ज्यादा लोगों ने पसंद किया। बता दें कि जॉर्जिना सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहती हैं। अकेले इंस्टाग्राम पर ही उनके 38.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर अपनी लग्जरी लाइफ की झलक फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।

## ब्रिक्स देशों ने अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त समिति की शुरुआत की

**बीजिंग।** ब्रिक्स देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने और सदस्य देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों को दूर संवेदी उपग्रह अवलोकन एवं डेटा साझा करने के क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से एक संयुक्त समिति की शुरुआत की है। ब्रिक्स देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अंतरिक्ष सहयोग संबंधी संयुक्त समिति की आधिकारिक रूप से शुरुआत की।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के प्रमुख झांग केजियन ने समिति की पहली वर्चुअल बैठक में कहा कि यह सदस्य देशों के बीच आर्थिक और सामाजिक विकास में बेहतरी लाने के लिए ब्रिक्स दूर संवेदी उपग्रह सहयोग पर मार्गदर्शन करेगी। सरकार संचालित समाचार एजेंसी के अनुसार, झांग ने कहा कि नई संयुक्त समिति ब्रिक्स अंतरिक्ष एजेंसियों को पर्यावरण संरक्षण, आपदा रोकथाम के साथ ही जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मिलकर काम करने में सक्षम बनाएगी। बैठक में, पांच सदस्य देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने संयुक्त समिति के संदर्भ की शर्तों, डेटा विनिमय के लिए तकनीकी विशिष्टताओं और संयुक्त अवलोकन के लिए कार्यान्वयन प्रक्रियाओं पर दस्तावेजों की समीक्षा की एवं उन्हें अंगीकार किया। पिछले साल अगस्त में, पांचों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने ब्रिक्स दूर संवेदी उपग्रह सहयोग को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्षता इस साल चीन के पास है।

## अफगानिस्तान में फिर शुरू होगी हवाई यात्रा, तालिबान ने यूएई के साथ किया समझौता

**बीजिंग।** मानवीय और गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे अफगानिस्तान में जल्द ही फिर से हवाई यात्रा शुरू हो सकती है। सत्ताधारी तालिबान सरकार ने एयरपोर्ट चलाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ समझौता किया है। संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की और कतर के साथ महीनों की बातचीत के बाद मंगलवार को तालिबान के



परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि तालिबान ने अफगानिस्तान में हवाई अड्डों के परिचालन के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

तालिबान ने कहा कि उन्होंने अबू धाबी स्थित जीएएसी सॉल्यूशंस को हेरात, काबुल और कंधार में हवाई अड्डों का प्रबंधन करने की अनुमति देने के लिए यह डील की है। तालिबान के परिवहन और नागरिक उड्डयन उप मंत्री गुलाम जेलानी वफा ने पहले उप प्रधान मंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की उपस्थिति में GAAC निगम के प्रतिनिधि के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। GAAC Corporation एक बहुराष्ट्रीय फर्म है जो संयुक्त अरब अमीरात में विमानन सेवाएं प्रदान करती है।' कॉन्ट्रैक्ट साइनिंग इवेंट में मुल्ला बरादर ने कहा कि देश की सुरक्षा मजबूत है और इस्लामिक अमीरात विदेशी निवेशकों के साथ काम करने को तैयार है। बरादर ने कहा कि इस सौदे पर हस्ताक्षर के साथ, सभी विदेशी एयरलाइंस सुरक्षित और भरोसेमंद रूप से अफगानिस्तान के लिए उड़ान भरना शुरू कर देंगी। परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्री गुलाम जेलानी वफा ने कहा, ÷जब हम एक गंभीर और आपातकालीन स्थिति में थे, यूएई ने तकनीकी सहायता और मुफ्त टर्मिनल मुरम्मत में हमारी सहायता की।

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता व कानून प्रोफेसर को 10 महीने की सजा

**हांगकांग :** हांगकांग की एक अदालत ने लोकतंत्र कार्यकर्ता बेनी ताई, जो एक पूर्व कानून प्रोफेसर भी हैं, को 2016 विधान परिषद (लेगको) चुनावों के लिए एक रणनीतिक मतदान योजना के अवैध प्रचार के आरोप में 10 महीने के लिए जेल में डाल दिया।

रेडियो फ्री एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, ताई को चुनाव खर्च में 253,000 हांगकांग डॉलर खर्च करने के लिए छह अखबारों के विज्ञापनों को योजना को बढ़ावा देने के लिए दोषी ठहराने के बाद अदालत ने 10 महीने की सजा सुनाई थी। विज्ञापनों का उद्देश्य लेगको में लोकतंत्र समर्थक पार्टियों के लिए बहुमत हासिल करना था।जिला न्यायालय के न्यायाधीश एंथनी क्वोक ने कहा कि ताई की याचिका के कारण उनकी सजा को पांच महीने कम कर दिया गया है। इसके अलावा, मामले में मुकदमा चलाने में देरी ने सजा को और कम करके दो महीने कर दिया है।

# पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने इमरान खान के खिलाफ सरकार की अवमानना याचिका खारिज की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सरकार की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 'आजादी मार्च' के संबंध में शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों का 'उल्लंघन' करने के लिए खान के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई थी।

प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय पीठ ने सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल अश्तर औसाफ द्वारा दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख पर राष्ट्रीय राजधानी के एच-9 सेक्टर में शांतिपूर्ण मार्च को लेकर शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। पीठ में न्यायमूर्ति बंदियाल के अलावा न्यायमूर्ति इजाजुल अहसान, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी और न्यायमूर्ति सैयद मजहर अली अकबर नकवी भी शामिल हैं।

याचिका में कहा गया था कि क्रिकेटर से राजनेता बने 69 वर्षीय खान ने अपने समर्थकों को डी-चौक तक जाने को कहा था, जहां प्रदर्शनकारियों की पुलिस से



झड़प हुई। इस्लामाबाद का डी-चौक राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद और शीर्ष अदालत के आसपास स्थित है। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत का आदेश यथावत रहेगा, जिसमें सरकार और पीटीआई को एक साथ बैठकर 'आजादी मार्च' के शांतिपूर्ण और सुरक्षित संचालन के लिए तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने को कहा गया था। गौरतलब है कि यह बातचीत नहीं हो सकी, क्योंकि दोनों पक्षों ने इस्लामाबाद के मुख्य आयुक्त के कार्यालय में नियत समय पर न पहुंचने का एक दूसरे पर आरोप लगाया था।

न्यायालय ने कहा कि याचिका खारिज करने का तार्किक आधार उसके लिखित फैसले में दिया जाएगा। खान ने तड़के इस्लामाबाद में प्रवेश किया और डी-चौक की ओर कूच कर गये, जबकि सरकार ने 'महत्वपूर्ण सरकारी भवनों की सुरक्षा' के लिए रेड जोन में सेना को तैनात कर रखा था। गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि डी-चौक पर रैली करने का खान का फैसला शीर्ष अदालत का उल्लंघन है, जिसने उनकी पार्टी को श्रीनगर-राजमार्ग से सटे राजधानी के एच-9 सेक्टर स्थित एक मैदान में रैली आयोजित करने के लिए कहा था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''राजनीतिक संघर्ष हमेशा देश को नुकसान पहुंचाते हैं। यदि कोई ठोस कारण है तो अदालत राजनीतिक प्रकृति के किसी भी मामले में हस्तक्षेप करेगी।

पूर्व प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि यदि 'आयातित सरकार' छह दिन के भीतर चुनाव की घोषणा करने में विफल रहती है तो वह 'पूरे देश' के साथ राजधानी फिर लौटेंगे।

खान ने आज सुबह यहां जिन्ना एवेन्यू में 'आजादी मार्च' के हजारों प्रदर्शनकारियों की एक रैली को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के मार्च को रोकने के लिए छापे और गिरफ्तारी जैसी 'रणनीतियों' का इस्तेमाल को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने इस मामले का संज्ञान लेने के लिए उच्चतम न्यायालय का धन्यवाद भी किया।

## ब्लिंकन- चीन के खिलाफ रूस-यूक्रेन गुट का लाभ उठाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि बाइडन प्रशासन का लक्ष्य यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का विरोध करने वाले अंतरराष्ट्रीय गुट को चीन के खिलाफ व्यापक गठबंधन के तौर पर विकसित करने का है जिसे वह वैश्विक व्यवस्था के लिये ज्यादा गंभीर व दीर्घकालिक खतरे के तौर पर देखता है।

विदेश विभाग की तरफ से जारी ब्लिंकन द्वारा बृहस्पतिवार को दिए जाने वाले संबोधन के अंशों के मुताबिक, विदेश मंत्री भाषण में प्रशासन की चीन नीति को रेखांकित करते हुए 21वीं सदी के आर्थिक और सैन्य संतुलन को परिभाषित करने की दौड़ में बीजिंग के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक दृष्टिकोण रखेंगे। अमेरिका जहां यूक्रेन में रूस और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध को अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए सबसे तीव्र और तत्कालिक खतरे के रूप में देखता है, ब्लिंकन का कहना है कि प्रशासन का मानना है कि चीन एक बड़ा खतरा है। ब्लिंकन अपने संबोधन में कहेंगे, 'ऐसे में जब राष्ट्रपति पुतिन का युद्ध जारी है, हम अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए सबसे गंभीर दीर्घकालिक चुनौती पर ध्यान केंद्रित करेंगे - और यह पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा पेश की गई है।' वह कहेंगे, चीन एक ऐसा देश है जिसके पास अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की एक अलग दृष्टि को आगे बढ़ाने के इरादे के साथ-साथ आर्थिक, तकनीकी, सैन्य और राजनयिक साधन भी हैं। बीजिंग का दृष्टिकोण हमें उन सार्वभौमिक मूल्यों से दूर ले जाएगा, जिन्होंने पिछले 75 वर्षों में दुनिया की इतनी प्रगति को कायम रखा है।

इस प्रकार, ब्लिंकन प्रशासन के लिए सिद्धांतों का खाका तैयार करेंगे जिससे वह अपने संसाधनों, मित्रों और सहयोगियों को दुनिया भर में बढ़ती चीनी आक्रामकता को काबू में रखने के लिये सुव्यवस्थित करे। हालांकि वह यह भी स्वीकार करेंगे कि अमेरिका के पास चीन के इरादों और महत्वाकांक्षाओं को सीधे प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। प्रशासन इसके बजाए चीन के आसपास के रणनीतिक माहौल को आकार देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में दिए जाने वाले भाषण में ब्लिंकन कहेंगे,'हम चीन पर रास्ता बदलने को लेकर भरोसा नहीं कर सकते।

# यूजर्स के आंकड़ों की रक्षा करने में विफल रहा ट्विटर, लगा 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**वाशिंगटन।** पिछले करीब छह साल की अवधि में यूजर्स के आंकड़े गोपनीय रखने में विफलता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना अदा करेगा। साथ ही ट्विटरयूजर्स के आंकड़ों की सुरक्षा के लिए नए मानक भी तैयार करेगा। न्याय विभाग और संघीय व्यापार आयोग ने ट्विटर के साथ वाद निपटारे की घोषणा की। नियामकों का आरोप है कि ट्विटर ने यूजर्स को धोखे में रखते हुए 2011 के एफटीसी आदेश का उल्लंघन किया कि वह उनकी गैर-सार्वजनिक संपर्क जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित रखता है। सरकार ने आरोप लगाया




कि मई 2013 से सितंबर 2019 तक, ट्विटर ने यूजर्स को बताया कि वह खाते की सुरक्षा के उद्देश्य से उनके फोन नंबर और ईमेल का पता एकत्र कर रहा था, लेकिन कंपनी यह खुलासा करने में विफल रही कि वह इस सूचना का उपयोग कंपनियों को प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं को लक्षित ऑनलाइन विज्ञापन भेजने में सक्षम बनाने के लिए भी करेगी। नियामकों ने बुधवार को दायर एक संघीय मुकदमे में यह भी आरोप लगाया कि ट्विटर ने झूठा दावा किया कि उसने यूरोपीय संघ और स्विट्जरलैंड के साथ अमेरिकी गोपनीयता समझौतों का अनुपालन किया है।

# पाकिस्तान का बाल-बाल कर्जदार, 10 महीनों में लिया 13 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक ऋण

**इस्लामाबाद:** राजनीतिक और आर्थिक संकट से घिरा पाकिस्तान गले तक कर्ज में डूबा हुआ है। पाकिस्तान में विकास प्रगति को लेकर विश्व बैंक की रिपोर्ट ने चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं। बेहिसाब महंगाई ने पाकिस्तान के गरीबों को और अधिक बदहाल कर दिया है। लोग दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए परेशान हैं। गरीब लोग अपनी कुल आय का पचास फीसद हिस्सा खाने-पीने की चीजों पर खर्च कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में स्थिति और भी खराब होने वाली है। कर्ज में डूबे पाकिस्तान की वित्तीय हालत संभलने के आसार नहीं हैं। देश करीब 34 फीसद आबादी प्रतिदिन मात्र 3.2 डालर (करीब 240 रुपये) की आय पर जी रही है। विश्व बैंक का कहना है कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री मिफ्ताह इसामिल बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर काबू करने की भीषण चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा आर्थिक संकट है। अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने में




पाकिस्तान की विफलता उसकेअपने कार्यों का एक अप्रिय परिणाम है क्योंकि देश ने पहले 10 महीनों (जुलाई-अप्रैल 2021-22) में कई वित्तपोषण स्रोतों से पूरे वित्तीय वर्ष के लिए विदेशी वाणिज्यिक बैंकों से 2.623 अरब अमरीकी डालर सहित 13.033 अरब अमरीकी डालर का विदेशी ऋण लिया है।

आर्थिक मामलों के प्रभाग ने सोमवार को डेटा जारी किया जो दर्शाता है कि देश को अप्रैल 2022 में कई वित्तपोषण स्रोतों से 262.14 मिलियन अमरीकी डालर की भारी राशि प्राप्त हुई। हालांकि, अप्रैल बैंड के दौरान विदेशी वाणिज्यिक बैंकों से कोई राशि उधार नहीं ली गई थी। रिपोर्टों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 की इसी अवधि (जुलाई-अप्रैल) के दौरान बाहरी प्रवाह 10.195 बिलियन अमरीकी डालर था, जिसमें विदेशी वाणिज्यिक बैंकों से 3.246 बिलियन अमरीकी डालर शामिल थे, जबकि बजटीय राशि 12.233 बिलियन अमरीकी डालर थी।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 14.088 बिलियन अमरीकी डॉलर की विदेशी सहायता का अनुमान लगाया है, जिसमें 13.871 बिलियन अमरीकी डॉलर का ऋण और 217.44 मिलियन अमरीकी डॉलर का बहुपक्षीय और द्विपक्षीय स्रोतों से अनुदान शामिल है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऋण की कुल प्राप्ति बहुपक्षीय से 4.050 बिलियन अमरीकी डालर, द्विपक्षीय से 485.97 मिलियन अमरीकी डालर, विदेशी वाणिज्यिक बैंकों से 2.623 बिलियन अमरीकी डालर, बांड जारी करने से 2.041 बिलियन अमरीकी डालर और सऊदी अरब से सावधि जमा में 3 बिलियन अमरीकी डालर है।

## यूएई के रेस्तरां में विस्फोट, भारतीय नागरिक सहित 2 की मौत व 120 लोग घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में इस सप्ताह की शुरुआत में एक रेस्तरां में गैस सिलेंडर फटने से हुए विस्फोट में एक भारतीय नागरिक और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी सामने आई है। इस विस्फोट में 120 लोग घायल भी हुए , जिनमें 106 भारतीय नागरिक थे। दैनिक समाचार पत्र खलीज टाइम्स खबर के मुताबिक यह विस्फोट दोपहर में अबू धाबी के एक रेस्तरां में हुआ, जिसमें कुल 120 लोग घायल हो



गए।मारे गए दो लोगों में एक भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक रेस्तरां में गैस सिलेंडर विस्फोट में एक भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक समेत दो लोगों की मौत हो गई और 106 भारतीयों सहित 120 लोग घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने भी इस विस्फोट में एक भारतीय नागरिक की मौत होने की पुष्टि की है।

## चीन में भीषण बारिश से तबाही, 15 की मौत, दर्जनों लापता

**बीजिंग।** कोरोना संकट से जूझ रहे चीन में अब बारिश तबाही का सबब बनकर आई है। दक्षिण चीन में हुई तेज मूसलाधार बारिश के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी, वहीं दर्जनों लोग लापता हैं। प्रशासन बचाव कार्य के साथ लापता लोगों को ढूंढ़ने में जुटा हुआ है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित
समस्त समाचारों से सम्बंधित
विवादों का न्याय क्षेत्र
कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# दक्षिणी नाइजीरिया के चर्च में मची भगदड़, 31 लोगों की मौत

**अबुजा।** दक्षिणी नाइजीरिया के चर्च में एक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मच गयी। भगदड़ में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी है। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। कई घायलों की हालात गंभीर बताई जा रही है। अभी मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई गयी है। चर्च में लोग उपहार व खाद्य सामग्री लेने के लिए जुटे थे।

जानकारी के मुताबिक दक्षिणी नाइजीरिया के पोर्ट हरकोर्ट शहर के किंग एसेंबली चर्च में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। शनिवार सुबह वहां भोजन वितरण के दौरान अचानक भगदड़ मच गयी। बताया गया कि आयोजकों के अनुमान से बहुत अधिक संख्या में भीड़ जुट गयी थी। चर्च के मुख्य द्वार पर ही बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे। जैसे ही भोजन वितरण शुरू हुआ, लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। कुछ लोगों को जमीन पर धकेल दिया गया, तो कुछ लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े। भगदड़ इस कदर मची कि लोग एक- दूसरे को कुचलते हुए आगे बढ़ने लगे। पुलिस व



बचाव दल जब तक पहुंचे, तब तक घटनास्थल पर ही 31 लोगों की मौत हो चुकी थी। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बताई गयी है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

बताया गया कि पोर्ट हरकोर्ट के किंग एसेंबली चर्च में लोगों को यह कह कर बुलाया गया था कि समारोह के बाद सभी को उपहार मिलेंगे और भोजन भी मिलेगा। इस कारण बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे।

पुलिस प्रवक्ता ग्रेस इरिंज कोको ने 31 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि चर्च ने गरीबों को उपहार व खाद्य सामग्री देने के लिए बुलाया था। कार्यक्रम सुबह नौ बजे शुरू होना था, किन्तु उससे पहले ही भीड़ जुट गयी। लोग दीवार तोड़कर घुस गए, जिस कारण भगदड़ मच गयी।

# इमरान खान ने पाकिस्तान सरकार को नए चुनाव कराने की घोषणा के लिए छह दिन का वक्त दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रांतीय विधानसभाएं भंग करने और नए सिरे से आम चुनाव कराने की घोषणा के लिए शहबाज शरीफ सरकार को छह दिन का वक्त दिया,साथ ही कहा कि अगर सरकार ऐसा करने में विफल रहती है तो, वह 'संपूर्ण देश' के साथ राजधानी लौटेंगे।

यहां जिन्ना एवेन्यू में 'आजादी मार्च' में हजारों प्रदर्शनकारियों की एक रैली को संबोधित करते हुए खान अपनी पार्टी के प्रदर्शन को रोकने के लिए छापे और गिरफ्तारी जैसी 'रणनीतियों' का इस्तेमाल करने के लिए सरकार पर हमलावर रहे। हालांकि, उन्होंने मामले पर संज्ञान लेने के लिए उच्चतम न्यायालय का आभार व्यक्त किया। न्यूज ने अपनी



खबर में खान को यह कहते उद्धत किया, ''आयातित सरकार के लिए मेरा संदेश विधान सभाओं को भंग करना और चुनावों की घोषणा करना है, अन्यथा, मैं छह दिनों के बाद फिर से इस्लामाबाद आऊंगा।''उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों पर बड़ी जिम्मेदारी है। खान ने प्रश्न किया कि लोकतंत्र में कहां शांतिपूर्ण विरोध की अनुमति नहीं है और प्रदर्शनकारियों को आंसू गैस के गोले, पुलिस छापे और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा, ''मैंने तय किया था कि जब तक सरकार विधानसभाओं को भंग नहीं कर देती और चुनाव की घोषणा नहीं कर देती तब तक मैं यहां बैठूंगा, लेकिन पिछले चौबीस घंटों में मैंने जो देखा है, वह (सरकार) देश को अराजकता की ओर ले जा रहे हैं। सरकार देश और पुलिस के बीच खाई पैदा करने की भी कोशिश कर रही है।' उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पांच प्रदर्शनकारी विरोध प्रदर्शन के बाद हुई झड़पों में मारे गए।

# ट्रंप की बाइडन को सलाह, स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर पैसा खर्च करें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बंदूक संस्कृति के खिलाफ देश में उठ रही आवाज के बीच राष्ट्रपति जो बाइडन को सलाह दी है कि वो स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर पैसा खर्च करें। ट्रंप ने टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन शहर में नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनआरए) के वार्षिक सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि जब अमेरिका यूक्रेन को 40 अरब डालर का सहायता पैकेज दे सकता है तो उसे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने टेक्सास के उवाल्डे में एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के समूह पर की गई गोलीबारी को ह्यजंगली और बर्बर अत्याचारह्व बताते हुए कहा इस घटना ने हर अमेरिकी की अंतरात्मा को झकझोर है। उल्लेखनीय है कि इस गोलीबारी की घटना में 19 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सम्मेलन में बंदूक अधिकार लाबिंग समूह के पक्ष में खड़े नजर आए। उन्होंने स्कूलों में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों का समर्थन नहीं करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ हमला किया। स्कूली बच्चों की हत्या के बाद देश में मजबूत बंदूक नियंत्रण उपायों की तेज पकड़ती मांग के बीच ट्रंप ने एनआरए के वार्षिक सम्मेलन को रद्द करने के आह्वान को खारिज कर दिया। अल जजीरा ने इस सम्मेलन पर ट्रंप के हवाले से कहा, 'हर बार जब कोई परेशान या पागल व्यक्ति इस तरह का घृणित अपराध करता है, तो हमारे समाज में कुछ लोग अपने चरम राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए दूसरों की पीड़ा का उपयोग करने के लिए हमेशा एक अजीब प्रयास करते हैं।